# हरिभूमि


छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, शुक्रवार 22 मार्च 2024







जिसे अबतक ना समझे वो कहानी हूं मैं, मुझे बर्बाद मत करों पानी हूं मैं

# Agriculture & Industrial Needs

SAVE THE WATER

## आओ सब मिल कर कसम खाएं बूंद-बूंद पानी को बचाएं।

दुनिया का 70 फीसदी हिस्सा पानी से घिरा है, लेकिन उसमें से पीने योग्य पानी लगभग तीन फीसदी ही है। 97 फीसदी पानी ऐसा है जो पीने लायक ही नहीं है। अब तीन फीसदी पानी पर पूरी दुनिया जीवित है। जल संसाधन मंत्रालय द्वारा जारी आंकड़ों से पता चलता है कि भारत में एक वर्ष में उपयोग किए जाने वाले जल की शुद्ध मात्रा अनुमानित 1,121 बिलियन क्यूबिक मीटर है। जबकि वर्ष 2025 में पीने वाले पानी की मांग 1093 और 2050 तक बढ़कर 1447 बीसीएम तक पहुंच सकती है।

1.4 अरब से अधिक की आबादी के बावजूद भारत के पास दुनिया के ताजे जल संसाधन का केवल 4 प्रतिशत ही है। वहीं संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट के मुताबिक, भारत में जल संकट लगातार गहराता जा रहा है। कई राज्य हैं जो भूजल की कमी के चरम बिंदु को पार कर चुके हैं। रिपोर्ट में अनुमान लगाया गया कि उत्तर पश्चिमी क्षेत्र में 2025 तक गंभीर रूप से भूजल संकट गहरा सकता है।

पानी के महत्व को समझाने और स्वच्छ पानी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से हर साल 22 मार्च को विश्व जल दिवस (World Water Day) मनाया जाता है।

वर्ष 1992 में ब्राजील के रियो डि जेनेरियो में पर्यावरण और विकास के मुद्दे पर संयुक्त राष्ट्र ने एक सम्मेलन का आयोजन किया। उसी दिन विश्व जल दिवस मनाने की पहल की गई। बाद में 1993 में पहली बार विश्व जल दिवस मनाया गया। तब से हर साल 22 मार्च को विश्व जल दिवस मनाया जाने लगा। वहीं वर्ष 2010 में संयुक्त राष्ट्र मे सुरक्षित, स्वच्छ पेयजल एवं स्वच्छता के अधिकार को मानवाधिकार के रूप में मान्यता दी।

Contact for Ad
Mob.: 9340808313


रेन वाटर हारवेस्टींग एवं भू-जल सर्वेक्षण

(एडवांस्ड इलेक्ट्रॉनिक मशीन एवं सेटेलाईट से सर्वे हेतु एक मात्र एजेंसी)



संपूर्ण भारत के विश्वसनीय राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त भू-जल वैज्ञानिक के पाणिग्राही से आज ही कराये

(जल स्टार अवार्ड विजेता-2012)

डॉ. के. पाणिग्राही

CENTRE FOR GROUND WATER RECHARGE (CGWR)
An Accredited consultant from CGWA GoI
Deal in All type of Ground Water NoC

सम्पर्क - पंजीकृत भू-जलविद, नगर पालिक निगम रायपुर, लोक स्वा. यांत्रिकी विभाग, रायपुर
9424203408, 7000706499 9630149832, 0771-4049364



JAL CHAKRA जल संरक्षित तो जीवन सुरक्षित

जल जीवन इरीगेशन प्रा.लि.

An ISO 9001:2015 certified company

PRODUCTS & SERVICES :-

1. सम्पूर्ण ड्रीप, स्प्रिंकलर और Landscape इरीगेशन, Dust supresion, ग्रीन हाऊस & पोल्ट्रीकुलिंग संयंत्र एवं सभी प्रकार के सिंचाई संयंत्रों के पाट्र्स किफायती दर पर उपलब्ध।
2. भारत के सबसे किफायती (Most Affordable) ऑटोमेशन संयंत्र (नए एवं पुराने सभी प्रकार के सिंचाई संयंत्रों) के लिए भारत की प्रसिद्ध कंपनी M/s Automat Industries Pvt.Ltd. के सभी उत्पाद उपलब्ध।
3. सभी प्रकार के पाइप जैसे PVC, HDPE, कॉलम, केसिंग, uPVC, CPVC, गार्डन पाइप, लपेटा पाइप, इत्यादि उपलब्ध।
4. G-9 टिश्यू कल्चर केला, Taiwn-786, पपीता एवं प्रसिद्ध नर्सरियों के सब्जियों के पौधे उपलब्ध।
5. Turn Key Project, Farm Development, Agronomy Services उपलब्ध।
6. ग्रीन हाऊस, पोली हाऊस एवं शेड हाऊस के निर्माण कार्य एवं अग्रोनोमी सर्विसेज उपलब्ध।

LOW COST AUTOMATION KIT FOR DRIP IRRIGATION




Solenoid Valve | Pump Start Relay | Flow Sensor | Rain Sensor | Wate Proof Connectors

Depo Office : Plot No. C-13, Ring Road No. 3, Near Sapphire Green Gate No. 2, Amaseoni Raipur (C.G.)
8462002853, 8319296315
Email: jaljeewan.irrigation@gmail.com, Website:www.jjipl.com



BULL India's No.1 Tractor Attachments

THE MOST PROVEN ULTIMATE SOLUTION FOR THE BRICK INDUSTRY




डीलरशिप के लिये इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें

Authorized Distributor: AANDRAYA ENTERPRISES
Infront of Govt. School, Main Road, Devpuri, Raipur
Beside Indian Bank, Dhamtari Road, Abhanpur, Dist-Raipur-493661
98260-29023, 70890-00188



कोठारी मिल स्टोर्स

KOTHARI MILL STORES KMS SINCE 1977




गुरूनानक चौक के पास, स्टेशन रोड, रायपुर (छ.ग.)
0771-4034274
93000 48074, 93008 08366
kotharimillstores.co.in, kotharimillstore@gmail.com



BULL ए.एन.आटोमोबाईल

आपकी तरक्की का साथी, आपका अपना स्वदेशी बुल मशीन

- पहली किश्त हम भरेंगे
- एक्सचेंज ऑफर
- एक साल का इंश्योरेंस फ्री
- 500 घण्टे तक की सर्विसिंग में स्पेयर पार्टस एवं ऑयल फ्री



किर्लोस्कर इंजन का विश्वास ऑफर सीमित समय के लिये




A.N. AUTOMOBILE
Infront of Govt. School, Main Road, Devpuri, Raipur
Mob.: 70890-00188, 9752994668
Branch: Ambikapur - Mo.:9039060789 Bilaspur - Mo.: 9977885512

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com | रायपुर, शुक्रवार 22 मार्च 2024


## सोना बना रहा नया रिकार्ड, छग में पहली बार दाम 69 हजार की दहलीज पर, चांदी की भी चांदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

नए साल में सोना नया ही इतिहास रचने की तरफ बढ़ रहा है। इतिहास में पहली बार राजधानी रायपुर के साथ प्रदेश में सोना 69 हजार की दहलीज पर पहुंच गया है। गुरुवार को बाजार खुला तो कीमत एक हजार बढ़ गई और कीमत जा पहुंची जीएसटी के साथ 68900 रुपए। अब कीमत कभी भी 70 हजार के पार हो जाएगी।

### 20 दिनों में चार हजार रुपए से ज्यादा का इजाफा

#### ब्याज घटाने के ऐलान का असर

रायपुर सराफा एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष हरख मालू के मुताबिक सोने का भाव अंतरराष्ट्रीय बाजार में सर्वोच्च स्तर पर पहुंच गया है। भाव बढ़ने का मुख्य कारण अमेरिका की आर्थिक स्थिति का मजबूत होना और महंगाई कम होकर नियंत्रण में होना है। अमेरिकी फेडरल बैंक द्वारा एक दिन पहले ही ब्याज दर कम करने का ऐलान किया गया है, हालांकि अभी ब्याज कम नहीं किया गया है।



#### धनतेरस में थी 63 हजार

बीते साल धनतेरस पर सोने की कीमत 63 हजार थी। हालांकि धनतेरस से पहले कीमत 63700 थी, धनतेरस में कीमत से 65 हजार तक जाने की संभावना थी, लेकिन ऐसा नहीं हो सका था। 2022 में धनतेरस और पुष्य नक्षत्र और दीपावली के समय राजधानी रायपुर में सोने की कीमत 50 हजार दो सौ रुपए थी, जो बीते साल मई में 62 हजार 900 रुपए हो गई थी और फिर अक्टूबर-नवंबर में कीमत 63 हजार के पार रही। दीपावली के बाद कीमत ने फिर रफ्तार पकड़ी और नवंबर के अंतिम सप्ताह में कीमत 63 हजार के पार होकर वापस 63700 पर पहुंची। पहली बार सोना 28 ▶▶|शेष पेज 5 पर

इसी के साथ चांदी की कीमत भी एक हजार बढ़कर 77300 रुपए किलो हो गई। चांदी की कीमत भी अब तक की सबसे ज्यादा है। चांदी 20 दिनों में 54 सौ रुपए बढ़ गई है।

सोने-चांदी के लिए नया साल काफी उथल-पुथल वाला रहा है। इस साल के पहले माह से ही कीमत में लगातार उतार-चढ़ाव हो रहा है। साल के पहले दिन जहां सोना 65 हजार के पार थी, वहीं चांदी की कीमत 75 हजार के पार थी। इसके बाद इसकी कीमत कम ज्यादा होती रही। मार्च के पहले दिन की बात करें ▶▶|शेष पेज 5 पर

देश में भी ऐसा



### दिल्ली में भी उछला सोना

*नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में बुधवार को सोने का भाव मजबूत वैश्विक रुझानों के बाद 1,130 रुपए के उछाल के साथ 67,450 रुपए प्रति 10 ग्राम के रिकॉर्ड उच्चस्तर पर पहुंच गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 66,320 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के शोध विश्लेषक दिलीप परमार ने कहा, दिल्ली के बाजारों में सोने की हाजिर कीमत (24 कैरेट) 67,450 रुपये प्रति 10 ग्राम पर कारोबार कर रहा थी, जो पिछले बंद भाव से 1,130 रुपये की तेजी है। अंतरराष्ट्रीय बाजार कॉमेक्स (जिंस बाजार) में हाजिर सोना 2,202 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था जो पिछले बंद भाव से 48 डॉलर की बढ़त है।*

#### चांदी में भी तेजी

*चांदी की कीमत भी 1,100 रुपए की तेजी के साथ 77,750 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई। इससे पिछले कारोबारी सत्र में यह 76,650 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। चांदी भी 25.51 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रही थी। पिछले कारोबार में यह 24.84 डॉलर प्रति औंस पर रही थी।*






### कांस्टेबल भर्ती की 30 मार्च को दोबारा परीक्षा

**नई दिल्ली।** कर्मचारी चयन आयोग ने कांस्टेबल भर्ती के लिए 30 मार्च को दोबारा परीक्षा आयोजित कराने का निर्णय लिया है। केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों, सचिवालय सुरक्षा बल में कांस्टेबल और असम राइफल्स में राइफलमैन की भर्ती के लिए 16,185 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया है। परीक्षा की समीक्षा में कई स्थानों पर तकनीकी समस्याएं देखी गईं, जिसके कारण कुछ चुनिंदा स्थानों/तिथियों/पालियों के अभ्यर्थियों के लिए परीक्षा दोबारा आयोजित करने की जरूरत महसूस की गई है।

**शराब घोटाले में डिप्टी सीएम, मंत्री के बाद मुख्यमंत्री**

**कोर्ट में आज पेश कर हिरासत मांगेगी ईडी**

# 'आप' आइए... केजरीवाल के घर घुसी ईडी, गिरफ्तार कर ले गई!


*दिल्ली के कथित शराब घोटाले मामले में सीएम अरविंद केजरीवाल को आखिरकार गिरफ्तार कर लिया गया। लगातार 9 समन भेजने के बाद ईडी की टीम 10वें समन के साथ गुरुवार शाम केजरीवाल के घर पहुंच गई है। ईडी के संयुक्त निदेशक कपिल राज भी केजरीवाल के आवास पर मौजूद रहे। इससे पहले केजरीवाल से उनके आवास पर करीब दो घंटे पूछताछ हुई।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

■ दो महीने के अंदर दो मुख्यमंत्री गिरफ्तार

दिल्ली हाईकोर्ट द्वारा आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक को एजेंसी की किसी दंडात्मक कार्रवाई से राहत देने से इंकार करने के कुछ ही घंटों बाद उन्हें गिरफ्तार किया गया। पद पर रहने के दौरान किसी मुख्यमंत्री की गिरफ्तारी का यह पहला मामला है।

लोकसभा चुनावों के लिए प्रचार अभियान के बीच, केजरीवाल (55) की गिरफ्तारी पर आप ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। आप ने कहा, केजरीवाल दिल्ली के मुख्यमंत्री बने रहेंगे। जरूरत ▶▶|शेष पेज 5 पर



#### क्या है शराब घोटाला

17 नवंबर 2021 को दिल्ली की केजरीवाल सरकार ने एक्साइज पॉलिसी 2021-22 को लागू किया। नई पॉलिसी के तहत, शराब कारोबार से सरकार बाहर आ गई और पूरी दुकानें निजी हाथों में चली गईं। दिल्ली सरकार का दावा था कि नई शराब नीति से माफिया राज खत्म होगा और सरकार के रेवेन्यू में बढ़ोतरी ▶▶|शेष पेज 5 पर

#### जेल से चलाएंगे सरकार




आप की वरिष्ठ नेता एवं दिल्ली सरकार में मंत्री आतिशी ने कहा कि अरविंद केजरीवाल मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा नहीं देंगे। वे जेल से ही सरकार चलाएंगे। गिरफ्तारी के बाद आतिशी ने कहा कि कानूनी विकल्पों पर विचार किया जाएगा।

#### जो जस करहि सो तस फल चाखा




केजरीवाल की गिरफ्तारी पर आप के पूर्व नेता और कवि, कुमार विश्वास का रिएक्शन सामने आया है। कुमार विश्वास ने गोस्वामी तुलसीदास द्वारा रचित रामचरित मानस की पंक्तियां सोशल मीडिया पर पोस्ट की हैं। उन्होंने 'एक्स' पर पोस्ट ▶▶|शेष पेज 5 पर

### फाइनेंसर, ब्रोकर के आधा दर्जन से ज्यादा ठिकानों पर आईटी के छापे





हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

वित्तीय वर्ष समाप्ति के एक सप्ताह पूर्व रायपुर, राजनांदगांव के तीन कारोबारियों के सात ठिकानों पर आयकर विभाग की टीम ने छापे की कार्रवाई की है। जिन कारोबारियों के यहां छापे की कार्रवाई की गई है, वे फाइनेंस ब्रोकर तथा कंस्ट्रक्शन कारोबार से जुड़े हैं। कार्रवाई दोपहर 12 बजे के बाद शुरू की गई है, लेकिन छापे का हल्ला सुबह से चल रहा था। टैक्स जमा करने में गड़बड़ी के आरोप में कारोबारियों के ठिकानों पर छापे की ▶▶|शेष पेज 5 पर

#### ढाई करोड़ कैश के साथ करोड़ों की हुंडी

सूत्रों के मुताबिक छापे की कार्रवाई में देर शाम तक आईटी अफसरों ने अलग-अलग काराबोरी ठिकानों से ढाई करोड़ रुपए कैश के साथ करोड़ों रुपए के हुंडी जब्त की है। आईटी अफसर हुंडी तथा कैश को लेकर कारोबारियों से पूछताछ कर रही है, लेकिन ▶▶|शेष पेज 5 पर










# 11 बार कांग्रेस और छह बार भाजपा को मिली जीत, इस बार कड़ा मुकाबला

जांजगीर-चांपा लोकसभा सीट अनुसूचित जाति वर्ग के लिए प्रदेश की एकमात्र आरक्षित सीट है। इसके चलते इस वर्ग के सभी बड़े नेताओं की नजर इस सीट पर रहती है। कांग्रेस ने इस सीट से पूर्व नगरीय प्रशासन मंत्री शिवकुमार डहरिया को मैदान में उतारकर मुकाबला कड़ा कर दिया है।

**जांजगीर-चांपा लोकसभा सीट में हुए हैं 17 बार चुनाव**

**कांग्रेस की ओर से डहरिया व भाजपा की कमलेश हैं चुनावी मैदान में**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

भाजपा ने यहां से कमलेश जांगड़े को प्रत्याशी बनाया है। देखा जाए तो अधिकांश बार इस सीट पर लोकसभा क्षेत्र के बाहर के नेताओं का दबदबा रहा है। 17 में से 13 बार क्षेत्र के बाहर के उम्मीदवार सांसद बने हैं। पिछले 20 वर्षों से भाजपा के खाते में जांजगीर-चांपा लोकसभा सीट है। अब तक उपचुनाव को मिलाकर 17 बार हुए चुनाव में 11 बार कांग्रेस को और छह बार भाजपा के उम्मीदवारों को यहां से जीत मिली है। वर्तमान भाजपा के सांसद गुहाराम अजगले सारंगढ़ लोकसभा सीट से सांसद रह चुके हैं। इसके पहले भी दिलीप सिंह जूदेव सहित अन्य नेताओं का दबदबा रहा है। वर्तमान विधानसभा नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत को इस सीट से तीन बार चुनाव लड़ने का मौका मिला, जिसमें वो दो बार विजयी रहे और एक बार चुनाव हारे हैं।

**कुल वोटर - 20 लाख 52 हजार 63, पुरुष मतदाता- 10 लाख 30 हजार 282, महिला मतदाता - 10 लाख 21 हजार 754**





### जांजगीर चांपा लोकसभा सीट का समीकरण

जांजगीर चांपा लोकसभा में 8 विधानसभा आते हैं। जांजगीर चांपा, अकलतरा, सक्ती, चंद्रपुर, जैजैपुर, पामगढ़, बिलाईगढ़, कसडोल विधानसभा। इन सभी विधानसभा में फिलहाल कांग्रेसी विधायक है। इसका लाभ कांग्रेस को मिल सकता है। इधर भाजपा मोदी की गारंटी के जरिए वोटर्स को लुभाने की कोशिश करेगी।

**लोकसभा सीट के चुनावी मुद्दे:** बेरोजगारी यहां प्रमुख मुद्दा है। युवा सरकारी नौकरी के लिए भटक रहे हैं। युवाओं का कहना है कि देश में युवाओं की संख्या बढ़ती जा रही है। 2014 से लेकर अब तक कम वैकेंसी निकाली गई है। 3100 रुपए प्रति क्विंटल धान खरीदी होने से किसान संतुष्ट दिख रहे हैं। महतारी वंदन योजना का असर भी महिला वोटर्स पर दिख रहा है।

**दूसरी बार मैदान में डहरिया, अजगल्ले की सीट कटी:** अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित जांजगीर चांपा सीट पर कांग्रेस ने डॉ. शिव कुमार डहरिया को दूसरी बार जांजगीर चांपा लोकसभा क्षेत्र से टिकट दिया है। वर्ष 2009 के लोकसभा चुनाव में वे भाजपा प्रत्याशी कमला देवी पाटले से 82 हजार से अधिक मतों से चुनाव हार गए थे। इधर, फिलहाल इस सीट से भाजपा के सांसद गुहाराम अजगल्ले हैं लेकिन पार्टी ने उनकी जगह सक्ति विधानसभा के मसनिया खुर्द की दो बार सरपंच और वर्तमान में सक्ति जिला बीजेपी मोर्चा की अध्यक्ष कमलेश जांगड़े को मैदान में उतारा है।

| वर्ष | जीते | हारे |
|---|---|---|
| 1977 | मदन भइया भारतीय लोकदल | रामगोपाल तिवारी कांग्रेस |
| 1980 | रामगोपाल तिवारी कांग्रेस | मदन भइया भारतीय लोकदल |
| 1984 | प्रभात मिश्रा कांग्रेस | बद्रीधर दीवान भाजपा |
| 1989 | दिलीप सिंह जूदेव भाजपा | प्रभात मिश्रा कांग्रेस |
| 1991 | भवानी लाल वर्मा कांग्रेस | दिलीप सिंह जुदेव भाजपा |
| 1996 | मनहरण लाल पांडेय भाजपा | भवानी लाल वर्मा कांग्रेस |
| 1998 | चरणदास महंत कांग्रेस | मनहरण लाल पांडेय भाजपा |
| 1999 | डॉ. चरणदास महंत कांग्रेस | बंशीलाल महतो भाजपा |
| 2004 | करुणा शुक्ला भाजपा | डॉ. चरण दास महंत कांग्रेस |
| 2009 | कमला देवी पाटले भाजपा | शिवकुमार डहरिया कांग्रेस |
| 2014 | कमला देवी पाटले भाजपा | प्रेमचंद जायसी कांग्रेस |
| 2019 | गुहाराम अजगल्ले भाजपा | रविशेखर भारद्वाज कांग्रेस |

## आमने/सामने

### नक्सलियों से वार्ता पर विस्तृत चर्चा कर निर्णय लेंगे : शर्मा



*नक्सलियों द्वारा सशर्त वार्ता की पेशकश के मामले में डिप्टी सीएम और गृहमंत्री विजय शर्मा ने कहा, नक्सलियों ने किसानों को दोगुना दाम की बात कही है। छत्तीसगढ़ के किसानों को 3100 रुपये पहले ही मिल रहा है। विकास कार्यों को लेकर भी नक्सलियों ने टिप्पणी की है कि सड़क, बिजली, पुल, पुलिया से कॉर्पोरेट का क्या संबंध है। वार्ता के संबंध में मैं विस्तृत चर्चा कर अपनी बात रखूंगा। मुख्यमंत्री से भी इस संबंध में मार्गदर्शन लूंगा।*

### सरकार इस मसले पर खुद कंफ्यूज : बैज



*पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज ने पलटवार करते हुए कहा, इस मुद्दे पर सरकार खुद कंफ्यूज है। उपमुख्यमंत्री कह रहे हैं अधिकारियों से चर्चा करूंगा, मुख्यमंत्री से बात करूंगा। क्या यह बयान आने से पहले उन्होंने अधिकारियों से प्रदेश के मुख्यमंत्री से बात नहीं की। बयान देने से पहले उन्होंने केंद्रीय गृहमंत्री से बात नहीं की। गृहमंत्री का बयान प्रदेश की जनता को गुमराह करने वाला और बचकाना है।*

**एक बार कांग्रेस व एक बार भाजपा को मौका देती है यहां की जनता**

# कोरबा लोकसभा - किसकी चलेगी हुकूमत? मैदान में 'दीदी' और 'भाभी'

| 1508840 | 759225 | 749560 |
|---|---|---|
| कुल मतदाता | पुरुष मतदाता | महिला मतदाता |

विकास चौबे ▶▶ बिलासपुर

कोरबा लोकसभा सीट सबसे अधिक हाई प्रोफाइल हो गई है और यहां इस बार रोचक मुकाबला देखने को मिलेगा। यहां से दीदी और भाभी आमने-सामने हैं। 'भाभी' श्रीमती ज्योत्सना महंत कांग्रेस से मौजूदा सांसद हैं, जिन्हें इस बार बीजेपी की 'दीदी' सरोज पांडे से कड़ी टक्कर मिलने की उम्मीद है। इस सीट की बात करें तो 2009 में परिसीमन के बाद भले ही जांजगीर से अलग होकर कोरबा नई लोकसभा सीट बन गई, पर एक के बाद एक का ट्रेंड नहीं बदला। तब भी क्षेत्र की जनता एक बार कांग्रेस को तो एक बार भाजपा को यहां प्रतिनिधित्व का अवसर देती रही और अब भी वही चलन बरकरार है।

2024 के चुनाव में भाजपा प्रत्याशी सरोज पांडेय दुर्ग से सांसद रह चुकी हैं। इस समय वे राज्यसभा की सदस्य हैं। वे बीजेपी महिला मोर्चा की राष्ट्रीय अध्यक्ष रह चुकी हैं। इसके अलावा, वे 2008 में दुर्ग की वैशाली नगर सीट से विधायक भी रही हैं। मौजूदा समय में वे बीजेपी की राष्ट्रीय महासचिव भी हैं। ज्योत्सना महंत छत्तीसगढ़ विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरण दास महंत की पत्नी हैं। वे कोरबा से सांसद हैं। यहां से उनके पति भी सांसद रह चुके हैं। जब कांग्रेस की सरकार थी तो चरण दास महंत विधानसभा अध्यक्ष भी रहे। इसके अलावा, जब छत्तीसगढ़ नहीं बना था तो वे मध्य प्रदेश सरकार में मंत्री भी रहे।



**दोनों पार्टी से महिला प्रत्याशी आमने-सामने**

कोरबा लोकसभा में तीन बार आम चुनाव हो चुके हैं और अब 2024 में चौथी बार लोकसभा का चुनाव होना है। यदि इस सीट की तासीर की बात करें, तो एक बार कांग्रेस और एक बार भाजपा को अब तक मौका मिलता रहा है। इस सियासी परपंरा की शुरूआत परिसीमन के बाद पहले चुनाव से ही शुरू हो गई। इस बार कांग्रेस और भाजपा दोनों ही पार्टी से महिला नेत्रियां प्रत्याशी के रूप में आमने- सामने हैं और मुकाबला बेहद रोचक हो गया है। जांजगीर लोकसभा सीट से पृथक होकर वर्ष 2009 में कोरबा लोकसभा अस्तित्व में आई। इसके साथ पहली बार हुए लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के दिग्गज नेता डा चरण दास महंत ने चुनाव जीता। उन्होंने अपने निकटम प्रतिद्वंदी भाजपा की प्रत्याशी करुणा शुक्ला को पराजित किया। इसके बाद वर्ष 2014 के चुनाव में एक बार फिर कांग्रेस ने डा महंत को मैदान में उतारा और इस बार भाजपा के प्रत्याशी डा बंशीलाल महतो से उनका सामना हुआ और डा महंत को हार का सामना करना पड़ा।

### स्थानीय मुद्दों के साथ ही मोदी का चेहरा बड़ा फैक्टर

*चुनावी मुद्दों की बात करें तो पीएम मोदी का चेहरा और महतारी वंदन के सहारे भाजपा मैदान में है। विधानसभा चुनावों में हार के बाद से कांग्रेस उबर नहीं पाई है ऐसा लगता है। हालांकि चरणदास महंत का अपना एक कद है और उनकी पत्नी श्रीमती ज्योत्सना महंत जोरदार तरीके से फिर से चुनाव जीतने का दावा कर रही है। सच्चाई यह भी है कि उद्योगों की वजह से प्रदूषण की मार भी लोगों को झेलनी पड़ रही। यह इस संसदीय क्षेत्र का सबसे बड़ा व संवेदनशील मुद्दा वर्षों से रहा है।*

### राजद ने किया 4 उम्मीदवारों का ऐलान अखिलेश बोले- हमें जानकारी नहीं



**पटना।** आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर आरजेडी ने अपने 4 उम्मीदवारों के नाम का ऐलान कर दिया है। पार्टी ने गया से कुमार सर्वजीत, नवादा से श्रवण कुशवाहा, औरंगाबाद से अभय कुशवाहा और जमुई से अर्चना रविदास को चुनावी मैदान में उतारा है। आरजेडी ने कैंडिडेट्स के नामों का ऐलान गठबंधन से बातचीत के बिना किया है। बिहार कांग्रेस अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद सिंह ने नामों के ऐलान पर कहा कि मुझे इस बारे में जानकारी नहीं है। इंडिया ब्लॉक के तहत बिहार में सीट शेयरिंग को लेकर उन्होंने कहा कि लालू यादव से बात की है। सीट शेयरिंग में देरी हुई है। हमने लालू प्रसाद से रिक्वेस्ट की है कि अब जल्द ही नाम घोषित होना चाहिए। उन्होंने आरजेडी के 4 कैंडिडेट्स के हम सिर्फ इतना ही कहेंगे कि अब जल्द ही कैंडिडेट्स के नामों का ऐलान किया जाना चाहिए।

## दिग्विजय सिंह लड़ेंगे चुनाव सिंधिया के खिलाफ अरूण!

**कांग्रेस ने फाइनल किए हैं कुछ उम्मीदवार**



भोपाल। मध्य प्रदेश लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस अपने पूरे दमखम जोर लगा रही है। इसी बीच पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह लोकसभा चुनाव में लड़ने के आसार हैं। सूत्रों के मुताबिक, राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह राजगढ़ सीट से चुनाव लड़ सकते हैं। जबकि कांग्रेस केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के खिलाफ गुना सीट से वरिष्ठ नेता अरुण यादव को मैदान में उतार सकती है। मालूम हो कि साल 2019 में हुए लोकसभा चुनाव में दिग्विजय सिंह भोपाल से चुनाव लड़े थे लेकिन साध्वी प्रज्ञा सिंह ठाकुर के हाथों हार मिली थी। जबकि दूसरी ओर कांग्रेस केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया को चुनौती देने के लिए गुना निर्वाचन क्षेत्र में अरुण यादव को मैदान में लाने की तैयारी है। अरुण यादव कांग्रेस सरकार में केंद्रीय मंत्री रह चुके हैं। सीनियर कांग्रेस नेता कांतिलाल भूरिया को झाबुआ से टिकट मिल सकता है। बताया जा रहा है कि मध्य प्रदेश में कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव के लिए अपने उम्मीदवार लगभग तय कर दिए हैं। सिर्फ औपचारिक ऐलान बाकी है। कांग्रेस का शीर्ष नेतृत्व पिछले कुछ दिनों से आगामी लोकसभा चुनाव के लिए पार्टी के उम्मीदवारों पर विचार-विमर्श कर रहा है।

## नज़रिया




**चुनाव आयोग ने दिखाई सख्ती**

# मोदी सरकार को झटका, 'विकसित भारत संपर्क' वाले मैसेज पर प्रतिबंध

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली




लोकसभा चुनाव की तारीखों के ऐलान के बाद से ही चुनाव आयोग सख्त हो गया है। अब चुनाव आयोग ने केंद्र सरकार के एक प्रचार पर प्रतिबंध लगाया है। 'विकसित भारत संपर्क' के बैनर तले केंद्र सरकार की ''उपलब्धियों'' को बताने वाले वॉट्सऐप मैसेज पर चुनाव आयोग ने रोक लगा दी है। इसको लेकर चुनाव आयोग से शिकायत की गई थी और अब उसने एक्शन लिया है। चुनाव आयोग ने इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय को निर्देश दिया कि वह 'विकसित भारत संपर्क' वॉट्सऐप मैसेजेस पर तत्काल रोक लगाए। वहीं चुनाव आयोग की आपत्ति का जवाब भी मंत्रालय ने दे दिया है।

### मंत्रालय ने दी सफाई

मंत्रालय ने चुनाव आयोग को बताया कि यह पत्र आदर्श आचार संहिता के लागू होने से पहले भेजे गए थे। लेकिन उनमें से कुछ मैसेजेस सिस्टम और नेटवर्क की समस्याओं के कारण लोगों को देरी से डिलीवर हुए हैं। चुनाव आयोग ने मंत्रालय से तुरंत स्टेटस रिपोर्ट सौंपने को कहा है। विकसित भारत संपर्क वाले मैसेज में कहा गया था, "यह पत्र प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व वाली भारत सरकार द्वारा भेजा गया है। विगत 10 वर्षों में सरकार की विभिन्न योजनाओं और नीतियों से सभी 140 करोड़ भारतीयों को लाभ मिला है और भविष्य में भी मिलता रहेगा। इसमें आपकी भागीदारी महत्वपूर्ण है क्योंकि हम एक परिवार के रूप में एक साथ मिलकर विकसित भारत के लक्ष्य को पूरा करने की दिशा में काम कर रहे हैं। आपसे अनुरोध है कि विकसित भारत के सपने को पूरा करने के लिए अपनी प्रतिक्रिया और सुझाव अवश्य साझा करें।"

### अधिकारियों का ट्रांसफर

इससे पहले आज ही चुनाव आयोग ने कुछ राज्यों में प्रशासनिक तबादला करने का आदेश जारी किया है। गुजरात, पंजाब, ओडिशा, असम और पश्चिम बंगाल में 8 आईपीएस अधिकारियों और पांच गैर कैडर आईएएस अधिकारियों के ट्रांसफर का आदेश जारी हुआ है। जिन क्षेत्रों में अधिकारियों पर वहां के राजनेताओं के रिश्तेदार होने के आरोप लगे थे, वहां के डीएम एसपी का भी तबादला हुआ है। सूत्रों के मुताबिक पंजाब में भटिंडा के एसपी के रिश्तेदार सरकार में शामिल हैं, उनका भी तबादला हो गया है।

**राहुल को लेकर दिया था बयान**

# चुनाव आयोग का एक्शन, बीजेपी नेता रवि के खिलाफ एफआईआर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



बीजेपी नेता सीटी रवि के कांग्रेस नेता राहुल गांधी और हिंदुओं को लेकर दिए गए बयान पर चुनाव आयोग ने एफआईआर दर्ज कराई है। कर्नाटक के चीफ इलेक्टोरल ऑफिसर (सीईओ) ने सोशल मीडिया एक्स पर इसकी जानकारी गुरुवार (21 मार्च 2024) को दी। सीईओ ने कहा कि सीटी रवि की सोशल मीडिया एक्स पर की गई पोस्ट को लेकर चिक्कमगलुरु डीईओ ने चिक्कमगलुरु टाउन पुलिस स्टेशन में एफआईआर कराई है। ये केस आईपीसी की धारा 153ए और आरपी एक्ट की धारा 126 के तहत किया गया है। सीटी रवि ने हाल ही में कहा था कि राहुल गांधी ने हिंदुओं के खिलाफ युद्ध की घोषणा कर दी है। ऐसे में अब समय आ गया है कि हम एकजुट होकर उन लोगों से सनातन धर्म की रक्षा करें जो इसे नष्ट करना चाहते हैं।वहीं सीटी रवि ने इसको लेकर कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए जवाब दिया। सीटी रवि ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा, ''मुझे मेरे खिलाफ दर्ज की गई एफआईआर की डिटेल मिली है। सनातनी होने के नेता मैंने कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के गैर-जिम्मेदाराना और असंवेदनशील टिप्पणी पर जवाब दिया था।

**मप्र में भी दस प्रत्याशी घोषित, कोरबा में कांग्रेस के लिए चुनौती**

# गोंगपा छत्तीसगढ़ में अकेले लड़ेगी चुनाव, सात सीटों पर प्रत्याशी तय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर




गोंडवाना गणतंत्र पार्टी (गोंगपा) लोकसभा चुनाव छत्तीसगढ़ में अकेले लड़ने के लिए तैयार है। पार्टी ने फिलहाल सात सीटों से नाम तय कर लिए हैं। खास बात ये है कि विधानसभा चुनाव 2023 में गोंगपा ने बसपा के साथ गठबंधन किया था। आदिवासी नेता दादा हीरा सिंह मरकाम की बनाई गोंगपा छत्तीसगढ़ के अलावा एमपी में भी चुनाव मैदान पर है। वहां पार्टी ने दस प्रत्याशी घोषित कर दिए हैं।

**सीधे मुकाबले का गढ़ :** छत्तीसगढ़ की राजनीति हमेशा से दो ध्रुवीय रही है। यहां मुख्य रूप से कांग्रेस और भाजपा के बीच चुनावी मुकाबले होते रहे हैं। आमतौर पर देखा जाए तो यहां किसी तीसरे दल और छोटे दल भी अपने लिए कोई स्थान बना पाने में सफल नहीं हो पाए हैं। यह स्थिति 2023 में हुए विधानसभा चुनाव और उससे पहले हुए विधानसभा एवं लोकसभा के चुनाव में देखने को मिलती रही है। पिछले विधानसभा चुनाव में गोंगपा पाली तानाखार विधानसभा सीट जीतने में सफल रही। इस बार के लोकसभा चुनाव में उसकी मौजूदगी की बड़ी वजह पिछली सफलता ही है।

**इन सीटों पर प्रत्याशी तय :** गोंगपा प्रमुख एवं विधायक तुलेश्वर सिंह मरकार ने हरिभूमि से चर्चा में कहा है कि उनकी पार्टी लोकसभा चुनाव में अकेले ही मैदान पर उतरने जा रही है। उन्होंने बताया कि फिलहाल सात सीटों पर प्रत्याशी तय हो गए हैं। इनके नामों की घोषणा जल्द की जाएगी। जिन सीटों पर गोंगपा के प्रत्याशी जल्द घोषित होने वाले हैं, उनमें कोरबा, सरगुजा, रायगढ़, महासमुंद, रायपुर, कांकेर और राजनांदगांव सीट शामिल है।

**तुलेश्वर नहीं लड़ेंगे चुनाव**

गोंगपा के छत्तीसगढ़ प्रमुख तुलेश्वर सिंह मरकाम लोकसभा चुनाव में प्रत्याशी नहीं होंगे। पार्टी की राज्य इकाई ने उनका नाम कोरबा सीट के लिए प्रस्तावित किया था। तुलेश्वर सिंह ने प्रस्ताव आने के बाद साफ किया कि उन्हें विधायक के रूप में पांच साल काम करने का जनादेश मिला है,इसलिए वे पांच साल विधानसभा सीट के लिए काम करते रहेंगे।

### आदिवासी मतदाताओं में है पकड़

जहां तक गोंगपा का सवाल है, छत्तीसगढ़ की राजनीति में माना जाता है कि आदिवासी समुदाय के मतदाताओं में पार्टी का प्रभाव है। यही वजह है कि पार्टी ने पिछले विधानसभा चुनाव में एक सीट जीतकर अपनी ताकत दिखाई है। इस बार लोकसभा चुनाव में पार्टी जिन सीटों पर लड़ने जा रही है, उनमें बस्तर, कांकेर, सरगुजा और रायगढ़ सीट एसटी के लिए आरक्षित सीटें हैं। इसके अलावा कोरबा, और राजनांदगांव सीटों पर भी एसटी मतदाताओं की संख्या प्रभावी है। यही वजह है कि पार्टी इन सीटों पर जोर आजमाना चाहती है। गोंगपा के मैदान पर उतरने से माना जा रहा है कि कोरबा सीट पर कांग्रेस के लिए कुछ चुनौती सामने आ सकती है। वजह ये कि पाली तानाखार सीट कोरबा लोकसभा में है और विधानसभा में वहां पार्टी जीती थी।

### मप्र के दस प्रत्याशी तय

गोंगपा का जनाधार मप्र में भी रहा है। पार्टी लंबे समय से वहां भी चुनाव लड़ती रही है। इस बार लोकसभा में पार्टी ने दस प्रत्याशी वहां से उतारने का फैसला किया है। सीट और प्रत्याशी इस प्रकार है। मंडला महेश कुमार वट्टी, शहडोल तेज प्रताप उईके, सीधी अजय प्रताप सिंह, बालाघाट नंदलाल उईके, छिंदवाड़ा देवरावेन भलावी, रींवा कमलेश मिश्रा, दमोह राजेश सिंह सोयाम, खंडवा आशाराम भावसार, तथा जबलपुर से गोलू अंसारी प्रत्याशी बनाए गए हैं।

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी



## आईपीएल का रंगारंग आगाज आज

चेन्नई-बेंगलोर के बीच खेला जाएगा पहला मुकाबला

- 65 दिन चलेगा टूर्नामेंट
- 74 मुकाबलों का रोमांच
- 10 टीमें खेलेंगी पहली बार
- 12 स्थानों पर होंगे मैच
- 22 मार्च को आगाज
- 28 मई को फाइनल
- 06 टीमों ने बदले कप्तान

6.30 बजे उद्घाटन समारोह

8.00 बजे मैच का प्रसारण

# रन कूटेंगे, महफिल लूटेंगे !

## 65 दिनों के रोमांच का सफर... होंगे 74 मुकाबले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

इंडियन प्रीमियर लीग के 17वें सीजन का रंगारंग आगाज का रोमांच 22 मार्च से शुरू होने जा रहा है। कुल 10 टीमें आईपीएल की चमचमाती हुई ट्रॉफी को पाने के लिए एक-दूसरे से मैदान पर भिड़ती हुई नजर आएंगी। टूर्नामेंट के पहले मुकाबले में डिफेंडिंग चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स की भिड़ंत रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के साथ होनी है। बीसीसीआई ने 22 मार्च से 7 अप्रैल तक का ही अभी शेड्यूल जारी किया है।



### धोनी ने छोड़ी चेन्नई की कप्तानी, ऋतुराज को सौंपी कमान

चेन्नई। चेन्नई सुपर किंग्स के प्रशंसकों के 'थाला' महेंद्र सिंह ने इंडियन प्रीमियर लीग के पहले मैच की पूर्व संध्या पर टीम की कप्तानी ऋतुराज गायकवाड़ को सौंप दी। वे फ्रेंचाइजी के चौथे कप्तान बने हैं। इससे पहले, एमएस धोनी, सुरेश रैना और रवींद्र जडेजा टीम की कमान संभाल चुके हैं। चेन्नई सुपर किंग्स को शुक्रवार को पहले मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर से खेलना है।

### छग से तीन खिलाड़ी

रायपुर। आइपीएल 2024 में छत्तीसगढ़ के तीन खिलाड़ी इस बार खेलते हुए नजर आएंगे। हरप्रीत सिंह भाटिया और शशांक सिंह पंजाब किंग्स से खेलेंगे, वहीं राजनांदगांव के अजय मंडल चेन्नई सुपर किंग्स से खेलते नजर आएंगे। बता दें कि हरप्रीत को पंजाब ने इस बार 40 लाख में रिटेन किया था, तो वही शशांक सिंह को 20 लाख ▶▶| शेष पेज 5 पर




### आईपीएल टीम

दिल्ली, कैपिटल्स, मुंबई इंडियंस, चेन्नई सुपर किंग्स, गुजरात टाइटंस, राजस्थान रॉयल्स, रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर, कोलकाता नाइट राइडर्स, पंजाब किंग्स, सनराइजर्स हैदराबाद।

### यहां खेले जाएंगे मैच

| | | |
|---|---|---|
| 1. | चेन्नई | - एमए चिदंबरम स्टेडियम |
| 2. | अहमदाबाद | - नरेंद्र मोदी स्टेडियम |
| 3. | मुंबई | - वानखेड़े स्टेडियम |
| 4. | बेंगलुरु | - एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम |
| 5. | दिल्ली | - अरुण जेटली स्टेडियम |
| 6. | जयपुर | - सवाई मानसिंह स्टेडियम |
| 7. | हैदराबाद | - राजीव गांधी स्टेडियम |
| 8. | कोलकाता | - ईडन गार्डन्स |
| 9. | लखनऊ | - इकाना क्रिकेट स्टेडियम |
| 10. | मोहाली | - महाराजा यादवेंद्र सिंह स्टेडियम |
| 11. | विशाखापटनम | - वीडीसीए क्रिकेट स्टेडियम |
| 12. | धर्मशाला | - एचपीसीए स्टेडियम |

### स्टार स्पोर्ट्स पर देखें मैच

आईपीएल के रोमांच का लुत्फ आप टीवी पर स्टार स्पोर्ट्स नेटवर्क पर उठा सकेंगे। वहीं, इंडियन प्रीमियर लीग के सभी मैचों की लाइव स्ट्रीमिंग आप जियो सिनेमा पर देख सकेंगे।

### 7.30 से शुरू होंगे मैच

आईपीएल 2024 के मैच भारतीय समय के अनुसार, शाम 7 बजकर 30 मिनट पर शुरू होंगे। टॉस का सिक्का आधे घंटे पहले उछाला जाएगा। वहीं, दिन के मैच 3 बजकर 30 मिनट पर शुरू होंगे।




## खबर संक्षेप

### सिलेंडर फटा, तीन बच्चों सहित पांच की मौत



जयपुर। जयपुर में गुरुवार को सुबह रसोई गैस सिलेंडर फटने के बाद कमरे में आग लगने से एक ही परिवार के पांच लोगों की जलकर मौत हो गई। मरने वालों में दंपत्ति व उसके तीन बच्चे शामिल हैं। बिहार का रहने वाला यह परिवार एक फैक्ट्री में काम करने के लिए जयपुर आया था।

### अन्नाद्रमुक नेता के परिसरों पर ईडी के छापे



चेन्नई। प्रवर्तन निदेशालय ने अलग-अलग धन शोधन मामलों की जांच के सिलसिले में अन्नाद्रमुक नेता और तमिलनाडु के पूर्व मंत्री सी विजय भास्कर और चेन्नई के एक रियल इस्टेट समूह के परिसरों पर छापे मारे।

### पुलिसकर्मी बनकर की 5.4 करोड़ रुपए की चोरी



ठाणे। खुद को पुलिसकर्मी बताते हुए एक कूरियर कंपनी का वाहन रोककर उसमें से 5.4 करोड़ रुपए नकद चुरा लिए। पुलिस ने आठ लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। आरोपियों ने 14-15 मार्च की मध्यरात्रि अपराध को अंजाम दिया था।

## सोनिया, राहुल और खड़गे ने एक साथ ली पत्रवार्ता, भाजपा पर जमकर चलाए तीर

## इधर, नड्डा और रविशंकर का पलटवार, कहा- घोटाले से जमा किए पैसों का करें इस्तेमाल

# कांग्रेस का छलका दर्द, कहा- खाते फ्रीज, चुनाव लड़ने के पैसे नहीं

- कांग्रेस अध्यक्ष ने खरगे ने कहा कि कांग्रेस के खाते फ्रीज कर दिए गए हैं
- सोनिया गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर साधा बड़ा निशाना

*कांग्रेस पार्टी ने गुरुवार को एक बड़ी प्रेस कॉन्फ्रेंस करके सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी पर बड़ा आरोप लगाया है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, सोनिया गांधी और राहुल गांधी इसमें मौजूद रहे। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि भाजपा ने चुनावी चंदा के जरिए अपने एकाउंट भर लिए हैं। हर तरफ केवल भाजपा का विज्ञापन दिख रहा है। दूसरी तरफ कांग्रेस के एकाउंट को सीज कर दिया गया है। ऐसे में चुनाव लड़ने को भी पैसे नहीं नहीं। कांग्रेस के इस आरोप पर भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने पलटवार किया और कहा कि घोटाले से जमा किए पैसे का इस्तेमाल करें।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी ने पार्टी के बैंक खातों को 'फ्रीज' (लेनदेन पर रोक) किए जाने के मुद्दे पर गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री द्वारा कांग्रेस को आर्थिक रूप से पंगु बनाने का सुनियोजित प्रयास किया जा रहा है। सोनिया गांधी ने यह भी कहा कि लोकसभा चुनाव में समान अवसर सुनिश्चित करने के लिए कांग्रेस को उसके बैंक खातों के इस्तेमाल की अनुमति दी जानी चाहिए। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने आरोप लगाया कि कांग्रेस को बराबर धरातल पर चुनाव लड़ने से रोकने के लिए सत्तापक्ष की तरफ से यह 'खतरनाक खेल' खेला ▶▶| शेष पेज 5 पर

### राहुल बोले- रेल टिकट के भी पैसे नहीं, हमारे नेता नहीं कर सकते यात्रा

#### निष्पक्ष चुनाव के लिए खाते का इस्तेमाल जरूरी

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा, लोकतंत्र के लिए चुनाव अनिवार्य होता है, साथ ही आवश्यक है कि सभी के लिए समान अवसर हो। संवैधानिक संस्थाओं से अपील करता हूं कि वो निष्पक्ष चुनाव चाहते हैं तो हमारी पार्टी को बगैर किसी रोक-टोक के बैंक खातों को इस्तेमाल करने दें।



#### भारतीय लोकतंत्र को शर्मसार किया

पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने राहुल गांधी और सोनिया गांधी पर भी निशाना साधते हुए कहा कि दोनों ने गैर-जिम्मेदाराना बयानों से वैश्विक स्तर पर भारतीय लोकतंत्र को शर्मसार किया है।

#### इधर, भाजपा का पलटवार

#### नड्डा बोले-बुरी हार को देखते हुए हताशा

भारतीय जनता पार्टी ने कांग्रेस के आरोपों को खारिज कर दिया। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने दावा किया कि लोकसभा चुनाव में बहुत बुरी हार को देखते हुए वह पूरी तरह से हताशा में बहाने बना रही है। 'ऐतिहासिक हार' की आशंका को देखते हुए कांग्रेस का शीर्ष नेतृत्व भड़ास निकाल रहा है।

## बिगड़े मौसम ने बिगाड़ी एक लाख हेक्टेयर से ज्यादा की खेती

# सरकार ने जारी किए 167 करोड़



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में पिछले चार दिनों से राज्य के कई जिलों में बैमौसम बारिश, आंधी तूफान, ओलावृष्टि से किसानों और खेती को काफी नुकसान हुआ है। सरकार को मिली प्रारंभिक आकलन रिपोर्ट के मुताबित इस आपदा से राज्य में 2 लाख 19 हजार से अधिक किसान और 1 लाख हेक्टेयर से अधिक खेती का रकबा प्रभावित हुआ है।

राज्य सरकार ने प्रदेश के सभी कलेक्टरों को आदेश जारी कर नुकसान का आंकलन कर तत्काल रिपोर्ट देने कहा है। बताया गया है कि अंतिम सर्वे रिपोर्ट आते ही वास्तविक राशि किसानों को जारी की जायेगी। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर राजस्व ▶▶| शेष पेज 5 पर

### इन जिलों में भी हुई है क्षति

इसी प्रकार बेमौसम बारिश एवं ओलावृष्टि, आकाशीय बिजली गिरने से हुई जनहानि, पशुहानि एवं मकान क्षति के लिए प्रभावित जिला (सरगुजा, बलरामपुर, मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर, बलौदाबाजार-भाटापारा, गरियाबंद, धमतरी, रायगढ़, सारंगढ़-बिलाईगढ़, जांजगीर-चांपा, सक्ती, कोरबा, गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही, दुर्ग, कवर्धा, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई, बेमेतरा, कोण्डागांव, कांकेर, नारायणपुर, दंतेवाड़ा एवं बीजापुर कुल 21 जिलों में प्रभावित व्यक्ति 532 जिसमें बलरामपुर जिले में ▶▶| शेष पेज 5 पर

### कांग्रेस की तीसरी सूची

## अधीर रंजन समेत 57 उम्मीदवार ठोकेंगे ताल



नई दिल्ली। आगामी लोकसभा चुनाव 2024 के लिए कांग्रेस ने भी तीसरी लिस्ट जारी कर दी है। पार्टी ने 57 उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की। अपनी तीसरी सूची में कांग्रेस ने गुजरात, कर्नाटक, महाराष्ट्र, पुडुचेरी, राजस्थान, तेलंगाना और पश्चिम ▶▶| शेष पेज 5 पर

#### छग को अभी इंतजार

अपनी तीसरी सूची में कांग्रेस ने अरुणाचल प्रदेश में दो, गुजरात में 11, कर्नाटक में 17, महाराष्ट्र में सात, राजस्थान में पांच, तेलंगाना में पांच, पश्चिम बंगाल में आठ और पुडुचेरी में एक सीट के लिए उम्मीदवारों की घोषणा की।

### भाजपा की एक और सूची

## पूर्व राज्यपाल सौंदर्यराजन समेत नौ को दिया टिकट



नई दिल्ली। भाजपा ने लोकसभा चुनावों के लिए गुरुवार को उम्मीदवारों की तीसरी सूची जारी कर दी। इसमें पूर्व राज्यपाल तमिलसाई सौन्दर्यराजन, पार्टी की तमिलनाडु इकाई के अध्यक्ष के. अन्नामलाई और केंद्रीय मंत्री एल मुरुगन सहित ▶▶| शेष पेज 5 पर

#### अब तक 274 उम्मीदवार घोषित

भाजपा ने दो मार्च को 195 लोकसभा सीट के लिए अपने उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की थी। इसके बाद, भाजपा ने 13 मार्च को 72 उम्मीदवारों की दूसरी सूची जारी की थी।

## सुप्रीम कोर्ट को सौंपी जानकारी, पोर्टल में किया अपलोड

# एसबीआई ने हर चुनावी बॉण्ड का सौंपा डेटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट की सख्ती के बाद स्टेट बैंक ऑफ इंडिया ने चुनावी बॉन्ड का विस्तृत डाटा चुनाव आयोग को सौंप दिया है। इसके बाद चुनाव आयोग ने इसे अपनी ऑफिशियल वेसबाइट पर अपलोड भी कर दिया है। दरअसल, इससे पहले तक एसबीआई से अधूरा डाटा उपलब्ध कराया था, जिसमें सिर्फ बॉन्ड खरीदने वाले और भुनाने वाले की जानकारी ही थी।



#### चुनावी बॉन्ड भुनाने वाली पार्टियों की पूरी लिस्ट

एसबीआई चेयरमैन दिनेश कुमार खारा ने सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा दायर कर बताया था कि हमने कोर्ट के आदेश के मुताबिक चुनावी बॉन्ड्स से जुड़ी सारी जानकारी तय समय सीमा 21 मार्च शाम पांच बजे से पहले ही उपलब्ध करा दी है। इसमें पूरा ब्योरा दिया गया है।

#### क्या है यूनिक कोड?

इलेक्टोरल बॉन्ड शुरू से ही विवादों में रहा था। इसकी ट्रांसपेरेंसी पर चौतरफा सवालों के बाद दिसंबर 2021 में लोकसभा में वित्त मंत्रालय ने कुबूल किया था, चुनावी बॉन्ड पर छिपे हुए अल्फान्यूमेरिक नंबर किसी भी जाली इलेक्टोरल बॉन्ड की प्रिंटिंग या उसके एनकैशमेंट को रोकने के लिए एक आंतरिक सुरक्षा देता है।




## आदिवासियों का विकास और मोदी की गारंटी भाजपा की पहचान: साय



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा


बस्तर व सरगुजा संभाग के लिए कई योजनाएं बनाई गई, लेकिन कांग्रेस ने उन योजनाओं को बंद कर दिया।

- सुकमा की चुनावी सभा में मुख्यमंत्री सहित दो मंत्रियों ने महेश के लिए मांगा वोट

कांग्रेस ने आदिवासियों को सिर्फ वोटबैंक के लिए उपयोग किया। आजादी के 75 साल में 55 साल कांग्रेस की सरकार रही, लेकिन आदिवासियों का विकास नहीं हुआ ये समझने की बात है। यह बातें मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सुकमा में चुनावी सभा को संबोधित करते ▶▶| शेष पेज 5 पर

#### विकास पर कांग्रेस बनी थी ब्रेकर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि सुकमा को ग्राम पंचायत से नगर पालिका और जिला बनाकर कायाकल्प बदल दी, लेकिन पिछले पांच सालों में कांग्रेस सरकार ने विकास की रफ्तार रोक दी। बस्तर व सरगुजा संभाग के लिए कई योजनाएं बनाई गई, लेकिन कांग्रेस ने उन योजनाओं को बंद कर दिया।




चिंतन

# एनपीए में कमी आने से सुधरेंगे बैंकिंग सेक्टर

बेशक अमेरिकी व यूरोपीय बैंकिंग सेक्टर की हालत पतली है और बैंकों को कर्ज पर ब्याज बढ़ाने पड़ रहे हैं, लेकिन भारतीय बैंकों की हालत में सुधार हो रही है। भारतीय सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों (पीएसबी) के एनपीए (गैर-निष्पादित आस्तियों) में कमी आ रही है। फिक्की-आईबीए बैंकर के बृहस्पतिवार को जारी सर्वेक्षण में कहा गया है कि पिछले छह माह में निजी क्षेत्र के 67 प्रतिशत बैंकों का खराब ऋण घटा है। सर्वेक्षण में शामिल 77 प्रतिशत बैंकों के एनपीए में इस अवधि के दौरान गिरावट आई है। निजी क्षेत्र के बैंकों की तुलना में सरकारी बैंकों की संपत्ति की गुणवत्ता में अधिक सुधार हुआ है। उद्योग मंडल फिक्की-आईबीए बैंकर्स सर्वेक्षण का 18वां दौर जुलाई से दिसंबर, 2023 की अवधि में किया गया था। सर्वेक्षण में सार्वजनिक क्षेत्र, निजी क्षेत्र और विदेशी बैंकों सहित कुल 23 बैंकों ने भाग लिया। पिछले वर्ष दिसंबर में सरकार ने संसद में कहा था कि वर्ष 2015 से वर्ष 2023 के बीच बैंकों का एनपीए 10.42 लाख करोड़ है। इस दरम्यान करीब 1.61 लाख करोड़ रुपये एनपीए की वसूली भी हुई। सरकार की रिपोर्ट के मुताबिक बैंड बैंक, वसूली के प्रति सख्ती, दिवालिया कानून में बदलाव, कड़ी मौद्रिक नीति, तर्कसंगत ब्याज दरें और सरकार की ओर से समय समय पर पीएसबी को पूंजी सहयोग के चलते भारतीय बैंकों के एनपीए में कमी आई और बैंकों की वित्तीय स्थिति में सुधार हुआ। ताजा सर्वे के मुताबिक, आधे से अधिक बैंकों का मानना है कि अगले छह महीनों में सकल एनपीए 3-3.5 प्रतिशत के दायरे में रहेगा। सर्वे में यह तथ्य भी सामने आया है कि इस अवधि में 22 प्रतिशत निजी बैंकों का एनपीए बढ़ा है। जिन क्षेत्रों में एनपीए का उच्चस्तर जारी है, उनमें से अधिकांश बैंकों ने खाद्य प्रसंस्करण, कपड़ा और बुनियादी ढांचे जैसे क्षेत्रों को चिह्नित किया है। सर्वेक्षण से यह भी पता चलता है कि अगले छह महीनों में गैर-खाद्य उद्योग ऋण के लिए दृष्टिकोण आशावादी है, 41 प्रतिशत बैंकों को गैर-खाद्य उद्योग ऋण वृद्धि 12 प्रतिशत से ऊपर रहने की उम्मीद है, जबकि 18 प्रतिशत को लगता है कि गैर-खाद्य उद्योग ऋण वृद्धि 12 प्रतिशत से अधिक होगी। उद्योगों को कर्ज वृद्धि 10-12 प्रतिशत की सीमा में होगी। वित्त वर्ष 2024 के अंत तक भारतीय बैंकों का सकल एनपीए अनुपात 2.90-3.05 प्रतिशत हो सकता है। 30 सितंबर, 2023 तक एनपीए अनुपात 0.8 प्रतिशत के रिकॉर्ड निचले स्तर पर था। एसएंडपी ग्लोबल का अनुमान है कि वित्त वर्ष 2025 तक एनपीए गिरकर 3.5% हो जाएगा। एनपीए का मतलब है गैर-निष्पादनकारी परिसंपत्तियां। यह वित्तीय संस्थानों द्वारा इस्तेमाल किया जाने वाला एक ऐसा वर्गीकरण है जिसका सीधा संबंध कर्ज़/ऋण/लोन न चुकाने से होता है। जब ऋण लेने वाला व्यक्ति 90 दिनों तक ब्याज अथवा मूलधन का भुगतान करने में विफल रहता है तो उसको दिया गया ऋण एनपीए माना जाता है। आरबीआई ने अपनी द्विवार्षिक वित्तीय स्थिरता रिपोर्ट (एफएसआर) में बताया कि शुद्ध एनपीए रेश्यो गिरकर 1.0 फीसदी पर आ गया है। जनधन खाते, कृषि क्षेत्र को सस्ती दर पर लोन, मुद्रा लोन, स्ट्रीट वेर को कर्ज व नई विश्वकर्मा योजना आदि के बावजूद अगर भारतीय बैंक एनपीए कम करने में सफल हो रहे हैं, तो यह बेहतर बैंकिंग प्रबंधन व अनुशासित वित्तीय प्रबंधन के बल पर संभव हो रहा है। एनपीए में कमी बैंकिंग सेक्टर की ग्रोथ को गति प्रदान करेगी, इसके लिए जरूरी है कि बैंक एनपीए वसूली के प्रति सख्त, सतर्क स सजग रहें।


राजनीति

डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा



# सरकार के गठन में महिला वोटरों की होगी अहम भूमिका

विश्व के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश भारत में 18वीं लोकसभा के चुनाव का बिगुल बज गया है। सीधी सी बात है कि 4 जून चुनाव परिणाम के दिन दोपहर बाद तक 18वीं लोकसभा की तस्वीर साफ हो जाएगी। खैर यह अलग बात है पर विश्व के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश भारत में चुनावों में महिलाओं की बढ़ती सक्रिय भागीदारी तारीफे काबिल है। गत दो चुनावों ने देश की महिला वोटरों ने नई सरकार बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। मजे की बात यह भी है कि 2019 के चुनाव में पुरुष मतदाताओं की तुलना में महिला मतदाताओं ने अधिक मुखर होकर मतदान किया है। अब तो यह माना जाने लगा है कि देश के एक दर्जन के करीब राज्यों में महिलाओं के वोट ही नई सरकार के गठन में बड़ी भूमिका निभाने वाले हैं। तस्वीर का सकारात्मक पक्ष यह भी है कि मतदान ही नहीं चुनावों में सक्रियता से हिस्सा लेने और चुनावों में उम्मीदवारी जताने में भी महिलाएं आगे आई हैं। देश के पहले और दूसरे लोकसभा के आम चुनावों में जहां 22 महिला सांसद चुन कर आई थी वहीं गत 2019 के आम चुनाव में 78 महिला सांसद चुन कर आई। हांलाकि आधी आबादी को मुख्यधारा में लाने के लिए राजनीतिक दलों द्वारा नए नए सब्जबाग दिखाने के बावजूद टिकट वितरण के समय महिलाओं की हिस्सेदारी कम ही रह जाती है। अनुभव तो यही बताता है कि किसी भी राजनीतिक दल द्वारा आधी तो दूर की बात एक तिहाई सीटों पर भी महिलाओं को टिकट नहीं दिए जाते है। सबसे अच्छी बात यह है कि गांव हो या शहर महिलाएं अब पुरुष के कहे अनुसार मतदान करने वाली नहीं रही है। संपूर्ण



चुनाव प्रक्रिया में महिलाएं सक्रियता से हिस्सा लेने लगी हैं। पिछले चुनावों के आंकड़ों से यह सब साफ हो चुका है। इस साल देश में 96 करोड़ 88 लाख मतदाता है तो इनमें से महिला मतदाताओं की संख्या 47 करोड़ 15 लाख के करीब है। एक मोटे अनुमान के अनुसार पुरुषों की तुलना में करीब दो करोड़ महिला मतदाता कम है। कमोबेश यही स्थिति 2019 के लोकसभा चुनावों के दौरान थी। इस सबके बावजूद पुरुष मतदाताओं की तुलना में महिला मतदाताओं के मतदान का आंकड़ा अधिक है। 2019 के चुनावों में पुरुष मतदाताओं का प्रतिषत 67.02 प्रतिशत रहा तो महिलाओं के मतदान का प्रतिशत 67.18 प्रतिशत रहा। पूर्वोत्तर, हिमाचल, गोवा, बिहार सहित बहुत से प्रदेशों में महिलाओं का मतदान प्रतिशत अधिक रहा। यह तो रही मतदान की बात तो दूसरी और नई सरकार बनाने में भी महिला मतदाताओं की अधिक भूमिका रही है। देखा जाए तो महिलाओं ने जिस दल पर अधिक भरोसा जताया उसी दल की सरकार बनी। मजे की बात यह है कि 2014 में मोदी सरकार बनने और 2019 में रीपिट होने का प्रमुख कारण भी महिलाओं को भाजपा और खासतौर से नरेन्द्र मोदी पर अधिक भरोसा जताने को जाता है। 2004 के चुनावों में 22 प्रतिशत महिलाओं ने भाजपा और 26 प्रतिषत पुरुषों ने कांग्रेस को वोट दिया था वहीं 2019 के चुनाव आते आते इसमें जबरदस्त बदलाव देखने को मिला। 2019 के चुनावों में महिलाओं द्वारा मोदी में विश्वास व्यक्त करने का आंकड़ा 36 प्रतिशत पहुंच गया। विगत दो लोकसभा चुनाव परिणामों से सबक लेते हुए अब सभी राजनीतिक दल महिला मतदाताओं को अपने पक्ष में लाने के हरसंभव प्रयास में जुट गए हैं। यही कारण है कि महिलाओं को लुभाने वाली योजनाएं और कार्यक्रम ना केवल घोषित किए जा रहे हैं, अपितु राजनीतिक दलों के आने वाले चुनाव घोषणा पत्रों में महिला मतदाताओं को लुभाने के हरसंभव प्रयास होंगे। देश की विभिन्न प्रदेशों की विधान सभाओं के चुनावों में हम यह साफ रूप से देख चुके हैं। केन्द्र सरकार की उज्ज्वला योजना, मध्यप्रदेश की लाडली योजना, लखपति लाड़ली योजना, महिला मुखिया को नकद राशि और मुफ्त बस यात्रा ने कांग्रेस को कर्नाटक और तेलंगाना में देखा जा चुका है। आप महिला सम्मान योजना के माध्यम से महिलाओं को लुभाने का प्रयास कर रही है। खैर यह अलग बात है, पर यह साफ हो चुका है कि देश के लोकतंत्र के इस महापर्व में महिलाएं अग्रणी भूमिका निभाने जा रही है। अब महिला मतदाताओं को कमतर नहीं आंका जा सकता। महिला सशक्तिकरण की दिशा में भी इसे शुभ संकेत माना जा सकता है। इसमें कोई अतिशयोक्ति नहीं कि आने वाले चुनावों में राजनीतिक दलों की निगाहें महिला मतदाताओं की और ही रहेगी।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# शिक्षा में बुद्धिमत्ता से हो एआई का प्रयोग




दरकार

शिशिर शुक्ला

कृत्रिम बुद्धिमत्ता को एक वरदान के रूप में देखते हुए हमें इसका उपयोग विषम परिस्थितियों एवं ऐसी स्थिति में करना चाहिए जहां पर मानव सामान्य रूप से कार्य करने में समर्थ नहीं है। उदाहरण के लिए, हमने 3 वर्ष पहले कोरोना जैसी महामारी को झेला है। इस महामारी ने प्रत्येक मनुष्य को किसी न किसी रूप में एवं किसी न किसी स्तर तक प्रभावित किया है। ऐसे गंभीर संकटों के समय में शिक्षा को सुचारू रूप से जारी रखने के लिए कृत्रिम मेधा का सहारा लिया जाना चाहिए। निष्कर्षतः यही कहा जा सकता है कि शिक्षा के क्षेत्र में कृत्रिम बुद्धिमत्ता का प्रयोग शिक्षा के स्वरूपमें आमूलचूल परिवर्तन कर सकता है बशर्ते कि वह प्रयोग बुद्धिमत्ता के आधार पर किया जाए।

हाल ही में भारत को पहली एआई शिक्षिका मिली है। निश्चित रूप से तकनीकी के क्षेत्र में यह देश की अभूतपूर्व उपलब्धि है। केरल के तिरुवनंतपुरम के एक स्कूल में पेश की गई इस रोबोट शिक्षिका का नाम 'आइरिस' है। यह रोबोट शिक्षिका चैट जीपीटी जैसे एआई प्रोग्रामों से लैस है और इसके पास गणित व विज्ञान जैसे विषयों के प्रश्नों का उत्तर देने की क्षमता भी है। तीन भाषाओं में बात कर सकने वाली एआई शिक्षिका साड़ी पहनकर स्कूल पहुंची और उसने बच्चों से हाथ भी मिलाया। शिक्षा के क्षेत्र में कृत्रिम बुद्धिमत्ता के प्रयोग का यह अपने आप में एक अनूठा उदाहरण है। यूं तो कृत्रिम बुद्धिमत्ता की शुरुआत 1950 में हुई थी, किंतु इसका तीव्रतर विकास 1970 के बाद आरंभ हुआ। हाल की बात की जाए तो नवंबर 2022 में चैट जीपीटी नामक ओपन एआई चैटबॉट के अस्तित्व में आने के बाद कृत्रिम बुद्धिमत्ता के क्षेत्र में निस्संदेह एक क्रांतिकारी प्रादुर्भाव हुआ है। चैट जीपीटी में उच्च स्तरीय अल्गोरिथम एवं प्रोग्रामिंग का प्रयोग करके प्रश्नों के उत्तर देने का एवं मानव के उन सभी कार्यों को सहज व सरल बनाने का प्रयास किया जाता है, जिनको पूर्ण करने के लिए उसे अपनी बुद्धि का इस्तेमाल करना पड़ता है। इसी चैट जीपीटी को रोबोट के साथ संयुक्त करके कृत्रिम शिक्षक को अस्तित्व में लाया गया है। यहां पर एक विचारणीय प्रश्न यह उठता है कि शिक्षा के क्षेत्र में कृत्रिम मेधा का प्रयोग कहां तक उचित है एवं अगर कृत्रिम बुद्धिमत्ता विकास के मार्ग पर इसी द्रुत गति से दौड़ती रही तो भविष्य का स्वरूप कैसा होगा। अभी कुछ ही दिन पहले की बात है कि इंग्लैंड के एक स्कूल ने एआई चैटबॉट को प्रिंसिपल हेड टीचर बनाया है एवं विद्यार्थियों को भी एआई आधारित पर्सनल असिस्टेंट दिए गए हैं।

शिक्षा के क्षेत्र में कृत्रिम मेधा का समावेश आखिरकार किस सीमा तक उचित है। इस प्रश्न का उत्तर जानने हेतु हमें कहीं भटकने की कोई आवश्यकता नहीं है, अपितु अपनी बुद्धिमत्ता के घोड़े दौड़ाकर एक तर्कपूर्ण मंथन करने की आवश्यकता है। जरा सोचिए कि क्या किसी विद्यालय अथवा महाविद्यालय को पूर्णतया कृत्रिम मेधा से लैस रोबोट शिक्षकों के हवाले किया जा सकता है एवं ऐसा कदम उठाकर क्या विद्यार्थियों के भविष्य को लेकर चिंतामुक्त हुआ जा सकता है। इन प्रश्नों पर अगर हम मंथन करें तो हमें इनका उत्तर नकारात्मक ही मिलेगा। कारण यह है कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर आधारित रोबोट शिक्षक महज एक उच्च कोटि की एल्गोरिथम एवं सूचनाओं की उच्च भंडारण क्षमता से युक्त मशीन है। यह प्रश्नों का उत्तर तो कदाचित दे सकती है, किंतु जब बात जिज्ञासाओं एवं रचनात्मकता की होगी तब निश्चित रूप से यह औंधे मुंह गिर पड़ेगी। वजह स्पष्ट है कि स्मृति क्षमता एवं तर्कशक्ति में जमीन आसमान का अंतर है। एआई आधारित मशीनी शिक्षक वास्तविक शिक्षक का स्थान कभी नहीं ले सकता, क्योंकि किसी भी विषय पर सोचने, समझने एवं तर्क प्रस्तुत करने की क्षमता फिलहाल उसके पास नहीं है एवं किसी भी विषय को बेहतर ढंग से समझने के लिए उस पर अपनी विचार शक्ति एवं तर्क क्षमता का प्रयोग करना नितांत आवश्यक




है। आंकड़े यह कहते हैं कि एआई वर्ष 2030 तक 30 करोड़ नौकरियां खा जाएगा। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के द्वारा कृत्रिम बुद्धिमत्ता के संबंध में की गई टिप्पणी भी यह कहती है कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता एक ऐसी तकनीकी क्रांति है जो हमारी उत्पादकता, वैश्विक आय एवं विकास को बढ़ाएगी, किंतु यही तकनीकी क्रांति नौकरियां लील सकती है एवं असमानता की खाई को और अधिक चौड़ा कर सकती है। आखिर इन सभी रिपोर्टों का क्या मतलब है। क्या भविष्य में शिक्षक अपनी नौकरी से हाथ धो बैठेगा एवं उसे प्रतिस्थापित करने वाली एक निर्जीव मशीन होगी। संभवतः ऐसा अनुमान इसलिए लगाया जा रहा है कि मशीनी शिक्षक को कोई तनख्वाह नहीं चाहिए। उसे केवल और केवल अपने अंदर लगाई गई बैटरी की चार्जिंग की आवश्यकता है। वहीं दूसरी तरफ बजट का एक अच्छा खासा हिस्सा शिक्षकों के वेतन पर खर्च होता है। दूसरा बिंदु यह है कि मानव शिक्षकों के द्वारा समय-समय पर अपनी विभिन्न मांगों को प्रस्तुत किया जाता है एवं उनके पूर्ण न होने की दशा में विरोध प्रदर्शन भी किया जाता है, जबकि मशीनी शिक्षक कभी किसी तरह की कोई मांग प्रस्तुत नहीं करेगा, विरोध प्रदर्शन तो बहुत दूर की बात हो गई। कुछ अन्य अंतरों पर गौर करें तो मशीनी शिक्षक विद्यार्थियों को एक ही विषय चाहे जितनी बार पढ़ा सकता है जबकि मानव शिक्षक को एक ही बिंदु अथवा अध्याय की बार-बार पुनरावृत्ति करने के लिए कहने पर उसे मानसिक तनाव अथवा झुंझलाहट का अनुभव हो सकता है। इन तर्कों से तो यही प्रतीत होता है कि एआई आधारित मशीनी शिक्षक वास्तविक बुद्धि पर आधारित मानव शिक्षक से हर मामले में बेहतर साबित होगा, किंतु यह केवल और केवल कोरी कल्पना है। सत्य यही है कि मानवता का स्थान मशीन कभी नहीं ले सकती। सवाल यह उठता है कि एआई को शिक्षा के क्षेत्र में किस हद तक दखल देने की अनुमति दी जाए।

तकनीक के सदैव से दो पहलू रहे हैं- सकारात्मक एवं नकारात्मक। शिक्षा के क्षेत्र में भी हमें कृत्रिम मेधा के सकारात्मक पहलू का ही इस्तेमाल करना चाहिए। शिक्षकों को मशीन से प्रतिस्थापित कर देना तो सर्वथा अनुचित है, लेकिन शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को सहायता हेतु एआई आधारित असिस्टेंट उपलब्ध करा दिए जाएं तो यह बेहतर होगा, किंतु यह भी एक चुनौतीपूर्ण कार्य है, क्योंकि विद्यार्थियों को एआई जैसी सुविधा की खुली छूट मिल जाने पर वे जरा सी समस्या के हल हेतु एआई का ही मुंह ताकेंगे। स्वयं कोशिश करके हल ढूंढने एवं रचनात्मक ढंग से कार्य को अंजाम देने की प्रतिभा धीरे-धीरे उनसे दूर जाने लगेगी। इसके लिए यह आवश्यक है कि विद्यार्थियों को स्वयं अच्छे एवं बुरे की पहचान करते हुए सकारात्मक एवं प्रगति की ओर ले जाने वाली दिशा में कदम बढ़ाना चाहिए। शिक्षकों के द्वारा कृत्रिम बुद्धिमता का सहारा केवल अपने ज्ञानवर्धन एवं विषय की अद्यतन जानकारी हेतु ही करना चाहिए। अनुप्रयोगों एवं नवाचारों के माध्यम से शिक्षक को हमेशा यह सिद्ध करते रहना चाहिए कि एक मशीन चाहे कितनी ही उन्नत दशा में क्यों न पहुंच जाए, वह एक जीते जागते शिक्षक का मुकाबला कदापि नहीं कर सकती। कृत्रिम बुद्धिमत्ता को एक वरदान के रूप में देखते हुए हमें इसका उपयोग विषम परिस्थितियों एवं ऐसी स्थिति में करना चाहिए जहां पर मानव सामान्य रूप से कार्य करने में समर्थ नहीं है। उदाहरण के लिए, हमने 3 वर्ष पहले कोरोना जैसी महामारी को झेला है। इस महामारी ने प्रत्येक मनुष्य को किसी न किसी रूप में एवं किसी न किसी स्तर तक प्रभावित किया है। ऐसे गंभीर संकटों के समय में शिक्षा को सुचारू रूप से जारी रखने के लिए कृत्रिम मेधा का सहारा लिया जाना चाहिए। निष्कर्षतः यही कहा जा सकता है कि शिक्षा के क्षेत्र में कृत्रिम बुद्धिमत्ता का प्रयोग निस्संदेह शिक्षा के स्वरूप एवं स्तर में आमूलचूल परिवर्तन कर सकता है बशर्ते कि वह प्रयोग बुद्धिमत्ता के आधार पर किया जाए।

(लेखक भौतिकी विभाग में विभागाध्यक्ष हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## चरित्र गठन की विशाल व्यायामशाला है संसार



संकलित

दर्शन

संसार न तो अच्छा है, ना बुरा। प्रत्येक मनुष्य अपने लिए अपना-अपना संसार बना लेता है। हमारी मानसिक अवस्था के अनुसार ही हमें यह संसार भला या बुरा प्रतीत होता है। अग्नि स्वयं में अच्छी है न बुरी। जब यह हमें गर्म रखती है, तो हम कहते हैं यह कितनी अच्छी है, जब हमारी अंगुली जल जाती है, तो हम इसे दोष देते हैं। यही हाल संसार का है। संसार स्वयं पूर्ण है। पूर्ण का अर्थ यह है कि इसमें अपने सभी प्रयोजन पूर्ण करने की क्षमता है। हमें जान लेना चाहिए कि हमारे बिना भी यह संसार बड़े मजे से चलता जाएगा। हमें उसकी सहायता करने के लिए माथापच्ची करने की आवश्यकता नहीं। परंतु फिर भी हमें सदैव परोपकार करते ही रहना चाहिए। यदि हम सदैव यह ध्यान रखें कि दूसरों की सहायता करना एक सौभाग्य है, तो परोपकार करने की इच्छा एक सर्वोत्तम प्रेरणा शक्ति है। एक दाता के ऊंचे आसन पर खड़े होकर और अपने हाथ में दो पैसे लेकर यह मत कहो, 'ऐ भिखारी, ले, मैं तुझे यह देता हूं। तुम स्वयं इस बात के लिए कृतज्ञ हो जाओ कि इस संसार में तुम्हें अपनी दयालुता का प्रयोग करने और इस प्रकार पूर्ण होने का अवसर प्राप्त हुआ। धन पाने वाला नहीं, देने वाला होता है। भलाई के सभी कार्य हमें शुद्ध और पूर्ण बनाने में सहायता करते हैं। यह संसार न तो तुम्हारी सहायता का भूखा है और ना मेरी। परंतु फिर भी हमें निरंतर कार्य करते रहना चाहिए, परोपकार करते रहना चाहिए। क्योंकि इससे हमारा ही भला है।

## कद्दू का तीर्थ स्नान



संकलित

प्रेरणा

एकबार तीर्थ यात्रा पे जाने वाले लोगो का संघ, संत तुकाराम जी के पास जाकर उनके साथ चलने की प्रार्थना की। तुकारामजी ने अपनी असमर्थता बताई। उन्होंने तीर्थयात्रियो को एक कड़वा कद्दू देते हुए कहाः मैं तो आप लोगो के साथ आ नहीं सकता लेकिन आप इस कद्दू को साथ ले जाईए और जहाँ-जहाँ भी स्नान करे, इसे भी पवित्र जल में स्नान करा लाये। लोगो ने उनके गूढ़ार्थ पे गौर किये बिना ही वह कद्दू ले लिया और जहाँ-जहाँ गए, स्नान किया वहाँ-वहाँ स्नान करवाया। मंदिर में जाकर दर्शन किया तो उसे भी दर्शन करवाया। ऐसे यात्रा पूरी होते सब वापस आए और उन लोगो ने वह कद्दू संतजी को दिया। तुकारामजी ने सभी यात्रिओ को प्रीतिभोज पर आमंत्रित किया। तीर्थयात्रियों को विविध पकवान परोसे गए। तीर्थ में घूमकर आये हुए कद्दूकी सब्जी विशेष रूपसे बनवायी गयी थी। सभी यात्रिओ ने खाना शुरू किया और सबने कहा कि यह सब्जी कड़वी है। तुकारामजी ने आश्चर्य बताते कहा कि यह तो उसी कद्दू से बनी है, जो तीर्थ स्नान कर आया है। बेशक यह तीर्थाटन के पूर्व कड़वा था, मगर तीर्थ दर्शन तथा स्नान के बाद भी इसी में कड़वाहट है! यह सुन सभी यात्रिओ को बोध हो गया कि, हमने तीर्थाटन किया है लेकिन अपने मन को एवं स्वभाव को सुधारा नहीं तो तीर्थयात्रा का अधिक मूल्य नहीं है। हम भी एक कड़वे कद्दू जैसे कड़वे रहकर वापस आये है।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### ग्लोबल वार्मिंग के समाधान को हो गंभीर चिंतन


ग्लोबल वार्मिंग प्राणी जाति के साथ देश की आर्थिक व्यवस्था के लिए बेहद हानिकारक है, क्योंकि इससे फसलों को जो नुकसान होता है, साथ में बीमारियों का कारण ग्लोबल वार्मिंग बनता है, उसके लिए सरकारों को भारी खर्च करना पड़ता है। वैसे तो गर्मियों का मौसम आने ही वाला है, लेकिन समय से पहले ही गर्मी के मौसम जैसा माहौल बनना कहीं ग्लोबल वार्मिंग के खतरे की घंटी तो नहीं? मार्च में ही देश के कुछ राज्यों का तापमान जितना बढ़ रहा है, उतना बढ़ना नहीं चाहिए।

**- संजय श्रीवास्तव**, धमतरी

## करंट अफेयर

### भारत-अमेरिका संबंध पहले से अधिक मजबूत : पेंटागन

अमेरिका के रक्षा विभाग के शीर्ष अधिकारियों ने सांसदों से कहा कि भारत और अमेरिका के बीच संबंध गहरे हो रहे हैं और पहले से कहीं अधिक मजबूत हैं। हालांकि कांग्रेस (संसद) के एक प्रभावशाली सदस्य ने इस बात पर जोर दिया कि रूस के साथ रिश्तों की वजह से भारत का रुख 'इधर-उधर' वाला है। हिंद-प्रशांत सुरक्षा मामलों के सहायक रक्षा मंत्री एली एस रैटनर ने हिंद-प्रशांत पर संसद की उपसमिति के सदस्यों से बुधवार को कहा कि अमेरिका कई क्षेत्रों में भारत के साथ अपने रिश्ते मजबूत कर रहा है। रैटनर ने डेमोक्रेटिक पार्टी से कांग्रेस के सदस्य एडम स्मिथ के एक प्रश्न के उत्तर में कहा, 'मैं अमेरिका-भारत रिश्तों को पहले से कहीं अधिक विकसित और मजबूत कहूंगा और ये स्वतंत्र और मुक्त हिंद-प्रशांत के हमारे दृष्टिकोण के लिए जरूरी हैं।' उन्होंने कहा, 'हम संबंधों को कई क्षेत्रों में मजबूत कर रहे हैं जिसमें सह-उत्पादन शामिल है जहां हमने जेट इंजनों पर कुछ अहम प्रगति की है। हमारे रक्षा औद्योगिक आधार को एकीकृत करने के लिए बख्तरबंद वाहनों पर कुछ नई परियोजनाएं भी शामिल हैं, जो रिश्तों को और अधिक मजबूत बनाने की दिशा में अहम हैं।'



## ऑफ बीट

### बच्चों के लिए भोजन जुटाना माता-पिता को पड़ रहा भारी

सबसे अच्छे समय में शिशुओं और छोटे बच्चों को खाना खिलाना चुनौतीपूर्ण हो सकता है। लेकिन जब परिवार पर्याप्त भोजन नहीं खरीद सकते, तो अलग-अलग रंग की सब्जियों, या आयरन से भरपूर मांस की बात तो छोड़ ही दें, यह और भी कठिन है। हमारे हाल ही में प्रकाशित शोध में, माता-पिता ने हमें बताया कि आर्थिक तंगी होने पर वे बच्चों को खिलाने के लिए कितनी मेहनत करते हैं। उन्होंने हमें यह भी बताया कि कैसे बजट की हमेशा मौजूद रहने वाली गड़बड़ी और पारिवारिक जीवन की वास्तविकताओं ने रिश्तों को तनावपूर्ण बना दिया और उनके मानसिक बोझ को बढ़ा दिया। जीवन-यापन की लागत के संकट में, छह में से एक ऑस्ट्रेलियाई बच्चा गरीबी में रहता है। पहले से कहीं अधिक परिवार खाद्य बैंकों से मदद मांग रहे हैं। इसलिए हमने माता-पिता से पूछा कि जब पैसे की तंगी हो तो छोटे बच्चों को खाना खिलाना कैसा होता है। हमने 29 ऑस्ट्रेलियाई माता-पिता का साक्षात्कार लिया जिनके कम से कम एक बच्चे की उम्र छह महीने से तीन साल के बीच थी। अधिकांश की आय गरीबी रेखा के आसपास या उससे नीचे थी। माता-पिता की औसत आयु 32 वर्ष थी, जिसमें 28 माताएँ और एक पिता शामिल थे। उन्होंने हमें जो जानकारी दी वह इस प्रकार थी। पारिवारिक तनाव बढ़ता है।



## ट्रेंड

### नैतिक दिवालियापन

कांग्रेस को जनता पूरी तरह से खारिज कर देगी। भारतीय लोकतंत्र और संस्थानों के खिलाफ बयानबाजी की। वे आसानी से अपनी अप्रासंगिकता का दोष 'वित्तीय परेशानियों' पर मढ़ रहे हैं। दरअसल, उनका दिवालियापन आर्थिक नहीं, बल्कि नैतिक और बौद्धिक है।

**-जगत प्रकाश नड्डा, भाजपा अध्यक्ष**



### माफी नहीं मांगी

ट्रंप और उनके सहयोगियों ने रो बनाम वेड को पलटने के लिए कोई माफी नहीं मांगी। दरअसल, वे इसके बारे में डींगें हांकते हैं। उन्हें महिलाओं की शक्ति के बारे में कोई अंदाज़ा नहीं है-लेकिन वे इसका पता लगाने वाले हैं।

**-जो बाइडेन, अमेरिकी राष्ट्रपति**



### साजिश कर रहे पीएम

कांग्रेस पार्टी के बैंक खाते एक महीने पहले फ्रीज़ कर दिए। कांग्रेस को देश की 20 प्रतिशत जनता वोट देती है, लेकिन चुनाव से ठीक पहले आने जाने के लिए टिकट नहीं खरीद सकते। कांग्रेस के खिलाफ साजिश हिंदुस्तान के प्रधानमंत्री कर रहे हैं।

**-सुप्रिया श्रीनेत, कांग्रेस नेता**



### सड़क पर हरे-भरे डिवाइडर

दिल्ली में, हवाई अड्डे के रास्ते में आप चाणक्यपुरी में नव पुनर्निर्मित सार्वजनिक उद्यान, राजमार्ग के दोनों ओर और सड़क के डिवाइडरों पर हरे-भरे भूदृश्य और रंग-बिरंगे फूलों की बहुतायत देखते हैं। सुथरे फुटपाथों को नहीं भूलना चाहिए।

**-आनंद महिंद्रा, उद्योगपति**



**अपने विचार**

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-42422221 पर या सीधे मेल से **aapkepatra.haribhoomi@gmail.com** पर भेज सकते हैं।



MARUTI SUZUKI
NEXA
VELOCITY EDITION
TURBO BOOSTERJET
FRONX
INDIA'S FASTEST 1 LAKH SALES
FRONX
*Claim verified by independent research agency - JATO Dynamics Limited for Fastest to 1Lakh sales in SUV and PV categories since launch on 19-January-2024.
1.0L Turbo Boosterjet Engine with Progressive Smart Hybrid
Front Grille Garnish Opulent Red
Head Lamp Garnish
FRONX
Rear Upper Spoiler Extender Black + Red
NEXA Safety Shield
DUAL FRONT AIRBAGS
ABS WITH EBD
PEDESTRIAN PROTECTION COMPLIANCE
COMPLIANT WITH -
FULL FRONTAL IMPACT
FRONTAL OFFSET IMPACT
SIDE IMPACT
BENEFITS UP TO ₹25 000^
Contact us at
1800-200-[6392]
1800-102-[NEXA]
www.nexaexperience.com
NOW YOU CAN ALSO BOOK ONLINE
CONTACT YOUR NEAREST NEXA DEALER: RAIPUR: NEXA MAGNETO (SKY AUTOMOBILES PH: 9584433160, 9111107011), NEXA VIDHAN SABHA ROAD (VISHWABHARTI AUTOMOBILES PVT. LTD. PH: 6262620001, 6262000768). NEXA ONE RING ROAD (SPARSH AUTOMOBILES PH: 9926127774, 9111107268), BHILAI: NEXA SUPELA (SPARSH AUTOMOBILES PH: 9589214824, 9098122136). DURG: NEXA DURG BYPASS (CHOUHAN AUTOMOBILES LLP. PH: 7909999302). JAGDALPUR: NEXA ECNA (SKY AUTOMOBILES PH: 9584433160).
Scan to know more.
SMART FINANCE
AN ONLINE END-TO-END CAR FINANCE SOLUTION
Multiple financiers
Digital Document Upload
Live Loan status
Complete transparency (associated fees & charges)
^Given offers include Exchange bonus and Corporate or Rural offers as applicable on selected variants. Offers may vary subject to the model and variant purchased. Maruti Suzuki India Limited reserves the right to discontinue offers without notice. Consumer offers applicable for 2023 model while stocks last. For more details regarding offers please contact your nearest NEXA dealership. T&C apply. All offers are applicable till 31st Mar'24. Maruti Suzuki Smart Finance is now available pan-India. Accessories and features shown may not be part of standard equipment. Black glass on the vehicle is due to lighting effect. Images used are for illustration purposes only.

सेलिब्रेशन
शिखर चंद जैन



# दुनिया भर में मचती है होली की धमाल

बच्चों, होली सिर्फ अपने देश भारत ही में नहीं दुनिया के कई देशों में मनाई जाती है। कई देशों ने तो होली से प्रभावित होकर अपने देश में भी होली की शुरुआत कर दी है। आओ जानते हैं, विदेशों में होली कैसे खेली जाती है?

## द कलर रन

**ब्रिटेन की** राजधानी लंदन में भी होली के रंगों की बहार देखी जा सकती है। यहां 'द कलर रन' नाम का फेस्टिवल मनाया जाता है। इस अवसर पर खूब मौज-मस्ती और रंगों की बौछार के साथ जॉगिंग और रनिंग भी होती है। अपने नाम के मुताबिक ही इस फेस्टिवल में हिस्सा लेने वाले एकदम सफेद झक शर्ट पहन कर पांच किलोमीटर की दौड़ लगाते हैं। हर एक किलोमीटर का सफर तय करने पर रनर पर रंगों और तरह-तरह के गुलालों की बौछार की जाती है। *



## बोरायोंग मड फेस्टिवल

**साउथ कोरिया** से करीब 200 किलोमीटर दूर साउथ ऑफ सियोल में हर वर्ष गर्मियों में 'बोरायोंग मड फेस्टिवल' मनाया जाता है। अपने नाम के अनुसार ही इस फेस्टिवल में लोग एक-दूसरे पर कीचड़ और गीली मिट्टी लगाते हैं। लोगों को इस फेस्टिवल में खूब मजा आता है। यह फेस्टिवल निश्चित रूप से भारत के फाग उत्सव से ही प्रेरित है। *

## गार्मा फेस्टिवल



**ऑस्ट्रेलिया में** लोग रंगों के फेस्टिवल को गार्मा फेस्टिवल नाम से मनाते हैं। इस फेस्टिवल में शरीर को चमकीले और चटख रंगों से रंग कर पूरे दिन धमाल और नाच-गाना किया जाता है। यह फेस्टिवल ऑस्ट्रेलिया में अर्नहेम के गुलकुला नामक स्थान में मनाया जाता है। *

## लाइफ इन कलर



**बच्चों, जिस** त्योहार का नाम ही 'लाइफ इन कलर' यानी रंगों में जीवन हो, वह कितना जीवंत त्योहार होगा, अंदाजा लगाया जा सकता है। फ्लोरिडा (अमेरिका) में आयोजित किया जाने वाला यह फेस्टिवल ज्यादा पुराना नहीं है। इसे 2011 में एक कॉलेज फेस्ट के रूप में शुरू किया गया था। इस अवसर पर लोगों को रंगों से खेलना इतना पसंद आया कि अब यह फेस्टिवल हर साल सिर्फ फ्लोरिडा में ही नहीं, पूरी दुनिया में चर्चित हो चुका है। यह फेस्टिवल दुनिया की सबसे बड़ी पेंट पार्टी के रूप में पॉपुलर फेस्टिवल बन चुका है। *

## होली गार्डन फेस्टिवल



**स्पेन के** इबिजा द्वीप में भारत की होली से इंस्पायर होकर लोग 'होली गार्डन फेस्टिवल' मनाते हैं। इबिजा के बेनीमूसा पार्क में इस फेस्टिवल को बड़े पैमाने पर मनाया जाता है। इसके अलावा और भी कई शहरों में इस फेस्टिवल को मनाया जाता है। सबसे पहले इबिजा में 21 अगस्त 2014 को पर्यटकों ने इस फेस्टिवल को मनाया था। इसके बाद हर साल इसे धूमधाम से मनाया जाता है। यह फेस्टिवल शाम 4.30 बजे शुरू होता है, जो मध्य रात्रि तक मनाया जाता है। *

## होली वन



**भारत के** पर्व होली ने दुनिया भर के लोगों को इतना मोह लिया है कि यह पर्व हर देश मानना चाहता है। साउथ अफ्रीका के केप टाउन में होली की तरह एक पर्व 'होली वन' के नाम से मनाया जाता है। इस दौरान हजारों लोग सफेद कपड़े पहनकर रंगों में सराबोर हो जाते हैं। इस दौरान खूब मौज-मस्ती करते हैं। यहां हमेशा इको फ्रेंडली, स्किन के लिए सेफ कलर ही यूज किए जाते हैं। साथ ही इस फेस्टिवल के दौरान शराब पीना, कांच तोड़ना या कीचड़ का इस्तेमाल करना सख्त मना होता है। केप टाउन में 'होली वन' फेस्टिवल बहुत शालीनता से मनाया जाता है। *

कहानी / डॉ. अलका जैन 'आराधना'

नमन और गौरव बहुत अच्छे दोस्त हैं। लेकिन गौरव एक बात को लेकर नमन से नाराज हो गया। नमन ने होली के दिन उसके गुलाल लगाकर मनाने की सोची। क्या गौरव ने अपनी नाराजगी भूलकर नमन के गुलाल लगाने पर उसे गले लगाया?

# हैप्पी होली



होली नमन का सबसे पसंदीदा त्योहार है। पिछले साल तो नमन को होली का विशेष रूप से इंतजार था, क्योंकि उसे अपने दोस्त गौरव को गुलाल लगाकर मनाना था। कुछ दिन पहले गौरव ने उससे व्हाट्सएप पर एग्जाम की तैयारी वाली वर्कशीट्स मांगी थी। नमन ने देने के लिए हां तो कर दी, लेकिन बाद में भूल गया। वह दो-तीन दिन के लिए मम्मी-पापा के साथ अपने एक रिश्तेदार के यहां शादी में शामिल होने के लिए भोपाल चला गया था।

बस इसी बात से गौरव नाराज हो गया। गौरव को लगा, नमन ने उसे जानबूझकर वर्कशीट नहीं दी। हालांकि नमन ने गौरव से कहा कि उसके मन में ऐसी कोई बात नहीं थी। बस वर्कशीट भेजने की बात उसके दिमाग से ही निकल गई। नमन ने गौरव को बहुत समझाने की कोशिश की पर वह माना ही नहीं। नमन ने सोचा कि होली पर गौरव के घर जाकर उसे प्यार से गुलाल लगाएगा तो वह जरूर मान जाएगा। होली वाले दिन नमन अपनी पिचकारी और गुलाल की थैली लेकर गौरव के घर जा पहुंचा। उसने कई बार डोर बेल बजाई, लेकिन किसी ने दरवाजा ही नहीं खोला। बहुत देर तक डोर बेल बजाते रहने के बाद गौरव की दादी ने दरवाजा खोला। नमन ने उनके पांव छुए। दादी ने उसके सिर पर हाथ रखकर ढेर सारा आशीर्वाद दिया। उन्होंने बताया, 'गौरव को बुखार है, इसलिए वह होली नहीं खेल पाएगा।' यह सुनकर नमन उदास हो गया। अपनी पिचकारी और गुलाल वहीं गमले के पास रखकर वह भीतर गया तो देखा, गौरव अपने कमरे में सो रहा है। दादी ने नमन को गुझिया खिलाई। गौरव के मम्मी-पापा ने भी नमन को होली की शुभकामनाएं दीं।


नमन वापस आने को ही था कि गौरव की आवाज सुनाई दी, 'कौन है मम्मी?' नमन तुरंत गौरव के कमरे में गया। उसके पास जाकर बहुत प्यार से बोला, 'हैप्पी होली गौरव। दोस्त मुझे माफ करना, मैंने तुम्हारा दिल दुखाया है।'

यह सुनकर गौरव बोला, 'अरे नहीं, मैंने ही तुम्हें गलत समझा। तुम तो मुझे कितने ही सालों से पढ़ाई में मदद करते आए हो। मैं एक बार जरा सी भूल होने पर नाराज हो गया। माफी तो मुझे मांगनी चाहिए। मैंने सोचा था कि इस बार होली पर आकर तुम्हें गुलाल लगाकर सॉरी कहूंगा, लेकिन तबीयत ही खराब हो गई।'

नमन तुरंत बोला, 'मुझे खुशी है, हमारी दोस्ती का मुरझाया फूल एक बार फिर से खिल उठा है।' इसी बीच दादी थोड़ा-सा गुलाल लेकर आ गईं। दोनों बच्चों ने एक-दूसरे के गालों पर बहुत प्यार से गुलाल लगाया और बोले, 'हैप्पी होली!' *

## जीके क्विज-96

1. लोकसभा चुनावों के साथ किस पूर्वोत्तर राज्य में विधान सभा के चुनाव भी होंगे?
2. हाल में नियुक्त दो चुनाव आयुक्त कौन हैं?
3. देश के अगले लोकसभा के चुनाव कब से शुरू होंगे?
4. दूध की शुद्धता किससे नापी जाती है?
5. कीर्ति मंदिर स्थान का नाम किस महापुरुष से संबंधित है?
6. राइट बंधुओं का नाम किस खोज से जुड़ा है?
7. घूमर लोकनृत्य किस राज्य का लोकनृत्य है?
8. कर्क रेखा देश के कितने राज्यों में से होकर गुजरती है?
9. भारत में सबसे लंबी दूरी तक बहने वाली नदी कौन सी है?
10. ब्लादिमिर पुतिन एक बार फिर किस देश के राष्ट्रपति चुने गए?



**बच्चों, जीके क्विज-96 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें balbhoomihb@gmail.com पर मेल कर सकते हो।**

**जीके क्विज-95 का उत्तर :** 1-नायब सिंह सैनी, 2- अग्नि 5, 3-शुतुरमुर्ग का अंडा, 4-मंगल ग्रह, 5-असम, 6-पश्चिम बंगाल, 7-दूध, 8-नालंदा विश्वविद्यालय, 9-भूटान, 10-आंध्र प्रदेश

**जीके क्विज-95 का सही उत्तर देने वाले:** ईशान-अहमदाबाद, सरबजीत-करनाल, रौनक-जांजगीर चांपा, आकांक्षा-अहमदाबाद, जयप्रकाश-मेल से, विजय प्रकाश-सिंगरौली, कबीर-हिसार, गीतेश-रायपुर, करन-मेल से, यश-धरसवा

## बूझो तो जानें

1
प्यारा रंगों का त्योहार
फागुन में आता हर बार।
उड़ता खूब अबीर, गुलाल
जल्दी बतलाओ मेरा नाम।।

2
प्लास्टिक या लोहे की होती
रंगों से है खूब भिगोती।
होली के दिन आती काम
बच्चों बताओ मेरा नाम।।

3
मेवा-मावा से है भरी
तली हुई प्लेटों में धरी।
फूला-फूला उसका पेट
नाम बताओ, करो ना देर।


-गौरीशंकर वैश्य विनम्र

उत्तर: 1-होली, 2-पिचकारी, 3-गुझिया

कहानी
डॉ. नागेश पांडेय 'संजय'

केतन अपने पापा और मामा जी के साथ होली के लिए बाजार में पक्के रंग खरीदने आया तो मामा जी रंग खरीदने के बजाय सब्जियां खरीदने लगे। खीझ कर जब केतन ने टोका तो मामा जी बोले, 'दिला तो दिए रंग!' पहले तो केतन को मामा जी की बात समझा नहीं, जब समझ में आई तो वह खुशी से चहक उठा। केतन इतना खुश क्यों हो गया?

# महकते हुए रंग



केतन स्कूल से घर आया तो चहकते हुए बोला, 'मम्मी! मुझे सौ रुपए दो।'

'सौ रुपए? अरे! भला क्यों!' मम्मी ने जानना चाहा।

'अरे मम्मी, होली आ रही है न। मुझे पक्के रंग खरीदने हैं। पता है, इस बार तो मैं अपने दोस्तों को खूब रंगूंगा। और वह जो दीपू है न, जो बिल्कुल नन्हा हाथी-सा लगता है। उसे तो चाहे कुछ भी हो जाए, मैं उसे सफेद पेंट से रंगूंगा। थाईलैंड का हाथी लगेगा वह.. हा.. हा हा..।'

'थाइलैंड का?' मम्मी चौंकीं, 'क्या मतलब!!' 'अरे मम्मी, बस... रुपए दो। ज्यादा बात नहीं अभी।' केतन मचला।

'लेकिन बताओ तो सही, मैं भी तो जानूं।' मम्मी बोलीं। केतन ने बताया, 'अरे मम्मी, थाइलैंड में सुनते हैं कि सफेद हाथी होते हैं। उसे सफेद हाथियों का देश कहा जाता है।'

मम्मी हंस पड़ीं, 'लेकिन मेरे पास तो रुपए हैं नहीं। पापा आएं तो उनसे लेना।'

ऊं हूं...।' केतन ने पैर पटके और अपने कमरे में चला गया। शाम को पापा आए तो उनके साथ मामा जी भी थे। केतन उन्हें देखते ही चहक उठा, 'मामा जी, हैप्पी होली इन एडवांस।' 'हैप्पी होली, प्यारे..।' मामा जी ने आंखें मटकाईं फिर बोले, 'और होली पर क्या तैयारी है भांजेश्री?'

'कोई तैयारी नहीं मामा जी। आज दोपहर में ममा से रुपए मांगे थे। उन्होंने दिए ही नहीं।' फिर जैसे अचानक केतन को याद आ गया कि पापा से तो रुपए लेने हैं। वह मचलते हुए बोला, 'पापा, रुपए दीजिए। मुझे रंग लाना है।' मम्मी बीच में बोल पड़ीं, 'पापा और मामा से न पानी पूछा, न चाय। बस, अपनी फरमाइश पेश कर दी।'

'ओह मम्मी, वह तो आपका काम है न। मुझे तो रंग लाना है।' केतन हाथ हिलाते हुए बोला। मामा हंस पड़े, 'अरे! मैं तो सोचता था कि केतन बड़ा हो गया है, लेकिन यह तो अभी तक बच्चा ही है।'

'हां, बच्चा ही तो हूं मामा जी।... मुझे तो रंग लेने हैं। खूब गहरे और कभी न छूटने वाले।' केतन एकदम छोटा बच्चा-सा बन गया। 'ठीक है, ठीक है, चिंता न करो। रंगों के सेलेक्शन में मैं तुम्हारी मदद करूंगा।' मामा जी केतन के कंधे पर हाथ रखते हुए बोले। 'तो आप अभी बाजार चलेंगे न!' केतन ने बात पक्की करनी चाही।

'हां, हां.. चलेंगे.. जरूर चलेंगे।' मामा जी ने श्योर किया।

चाय-नाश्ता कर मामा और पापा के साथ केतन उछलता हुआ बाजार चल दिया। रास्ते में रंगों की दुकान दिखी। केतन पापा को उधर खींचने लगा, लेकिन मामा जी उन्हें दूसरी ओर ले गए। उधर एक बूढ़ी अम्मा पालक बेच रही थीं। मामा जी ने सारी खरीद ली।

केतन बोला, 'अब लें रंग...।' लेकिन मामा जी तो चुपचाप आगे बढ़ गए। उधर चुकंदर बिक रहे थे। मामा ने पांच किलो खरीद लिए। केतन खिसियाया, 'मामा जी, आपको सब्जी की पड़ी है। अरे! पहले रंग...!' मामा जी हंसे, 'अरे घबराओ नहीं, ले लेंगे।'

केतन अनमना-सा रंग की दुकानें देख रहा था। मामा जी तो इधर-उधर सब्जी और फलों की दुकानें ताक रहे थे। अब वे संतरे की दुकान पर ठिठक गए। दो दर्जन संतरे लिए। फिर डैडी से बोले, 'गाजर किधर मिलेंगी?

केतन झुंझला-सा गया, 'मामा जी, क्या आप भी...! अरे! अब बस भी करिए। ...गाजर तो मम्मी ने कल ही खरीदी थी।'

मामा जी इधर-उधर कुछ खोजते हुए बोले, 'अच्छा, तब ठीक है, लेकिन धनिया और पुदीना तो ले लें, फिर घर चलते हैं।'

'घर चलेंगे ...!' केतन मुंह बिचका कर बोला। मामा जी उसे देखकर जोर से हंस पड़े और बोले, 'केतन जी को गुस्सा आया, केतन जी ने मुंह बिचकाया।'

'मामा जी! आपकी सब्जियां देखकर मुंह बिचका रहा हूं।' केतन रुआंसा हो गया था। उसने पैर पटके। अपने पापा से बोला, ' आप रंग कब दिलाएंगे?'

'अरे! दिला तो दिए।' बीच में ही मामा जी बोले। 'कब..?' केतन आंखें फाड़कर बोला। मामा जी ने बताया, 'प्यारे, इन सब्जियों में ही तो रंग छिपे हैं, नेचुरल रंग। कल देखना, इनसे मैं कैसे कितने सारे रंग तैयार करता हूं। इन रंगों से कोई नुकसान भी नहीं होगा। जो रंग बाजार में बिक रहे हैं, उनमें केमिकल होता है। इस बार हम प्राकृतिक रंगों से होली खेलेंगे। घर पर रंग बनाएंगे, नए ढंग से होली मनाएंगे।'

केतन चहक उठा, 'अब समझा, आप तो नेचुरल रंग खरीद रहे थे। मैं तो बेकार में ही परेशान हो रहा था। मामा जी, मैंने घर में गुलाब के पौधे लगाए हैं। आप इनमें गुलाब के फूल भी डाल दीजिएगा। फिर तो महकते हुए रंग तैयार होंगे न!'

'वाह! प्यारे, तुम तो वास्तव में बहुत होशियार हो।' पापा और मामा जी दोनों एक साथ बोले। केतन उछलता-कूदता उनके साथ घर की ओर चल दिया। *

कविता
सूर्य कुमार पांडेय



# फूलों की रंगीन डाली है होली

अनोखी है होली, निराली है होली,
सभी को खुशी देने वाली है होली।
कोई फाग, कोई कबीरों में डूबा,
कोई है गुलालों-अबीरों में डूबा।
हरी, लाल, पीली है, काली है होली,
सभी को खुशी देने वाली है होली।
कोई खा गया, देखो मेवे फटाफट,
कोई कर गया सारे पापड़ सफाचट।
महापेटुओं वाली थाली है होली,
सभी को खुशी देने वाली है होली।
भुलाकर हर नफरत, गले मिलना सीखो,
हो तुम फूल तो, फूल-सा खिलना सीखो।
कि फूलों की रंगीन डाली है होली,
सभी को खुशी देने वाली है होली।


## रंग भरो-146

**रंग भरो-146** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





जतिन, कोंडागांव



अंजलि, फरीदाबाद



पलक, धमतरी



गौरांग, रायपुर



अंकिता, धमतरी



सुयश, बिलासपुर

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

संध्या साहू-दुर्ग, वेदिका-बालोद, पवन-जींद, हर्षिता-भोपाल, अमन-भिलाई, हरीश-जबलपुर, पूजा-रोहतक, मलाइका-कोरबा, अनिल-दिल्ली, वैदेही-रायपुर, प्रकाश-करनाल, राजू-डोंगरगढ़, प्रतिमा-जशपुर, अभिलाषा-महेंद्रगढ़, रानी-बस्तर, राजेश-दुर्ग

## रंग भरो 147



बच्चों, यहां पर पिचकारी में रंग भरकर होली खेलते हुए एक बच्चे का चित्र दिया गया है। इसको मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक-फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomi-hb@gmail.com पर मेल करो।

## गिनकर बताओ

बच्चों, दिए गए चित्र में कई सारी पिचकारियां दिख रही हैं। तुम्हें जल्दी से गिनकर बताना है कि चित्र में पिचकारियों की कुल संख्या कितनी है?



उत्तर: 30 पिचकारियां




# इन रहस्यमयी जगहों में फेल हो जाती है ग्रेविटी, भारत का लेह भी शामिल

*नई दिल्ली। ग्रेविटी के बारे में लगभग हम सभी जानते हैं जिसमें हर कोई भी चीज कहीं से भी फेंके वो आकर नीचे ही गिरती है। पृथ्वी पर ग्रेविटी हर जगह काम करती है। हालांकि शायद आपको ये जानकर आश्चर्य होगा कि पृथ्वी पर कुछ जगहें ऐसी हैं जहां ग्रेविटी के नियम पूरी तरह से फेल नजर आते हैं। वहीं उसके आसपास की सभी जगहों पर स्थिति बिल्कुल सामान्य नजर आती है। तो चलिए आज धरती की कुछ उन्हीं जगहों के बारे में जानते हैं।*

## धरती पर इन जगहों पर ग्रेविटी नहीं करती काम

### सेंट इग्नास मिस्ट्री स्पॉट



सबसे पहले नाम आता है सेंट इग्नास मिस्ट्री स्पॉट का जो मिशिगन में स्थित है। इस जगह पर यदि आप खड़े हो जाएं तो आपको ऐसा लगेगा जैसे आप अंतरिक्ष में हैं। दरअसल यहां 300 वर्गफीट के इलाके में गुरुत्वाकर्षण बिल्कुल काम नहीं करता है।

### लेह में गाड़ियां बिना सहारे चलती हैं

मैग्नेटिक हिल- लेह में स्थित मैग्नेटिक हिल में भी ग्रेविटी मानों नजर ही नहीं आती। यहां तो गाड़ियां बिना किसी सहारे के अपने आप 20 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलती जाती हैं। जिसे देखकर लोग हैरान हो जाते हैं।



### कॉस्मास मिस्ट्री एरिया


रैपिडी सिटी में स्थित कॉस्मास मिस्ट्री एरिया में अजीबोगरीब और एक तरफ झुके हुए पेड़ों को देखकर शायद आप हैरान रह जाए। यहां जाकर आपको अपने वजन का एहसास ही नहीं होगा।

### कैलिफोर्निया का मिस्ट्री स्पॉट




कैलिफोर्निया स्थित मिस्ट्री स्पॉट में पानी को नीचे से ऊपर बहता हुआ देखकर शायद आप हैरान रह जाएंगे। यहां इंसान चाहे तो बिना गिरे किसी एक कोण पर खड़ा रह सकता है। बता दें कि इस जगह की खोज 1939 में हुई थी।

### फ्लोरिडा में है स्पुक हिल



फ्लोरिडा में स्थित स्पुक हिल में भी आकर आपको ऐसा लगेगा जैसे आपका वजन बहुत ही कम हो गया है। जहां आप चाहें तो एक पैर पर बिना गिरे खड़े हो सकते है। दरअसल यहां भी ग्रेविटी के नियम काम नहीं करते।

# 40000 टन की एक ही शिला को तराश कर बनाया गया भोलेनाथ का अद्भुत मंदिर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

हिंदुस्तान एक ऐसी जगह है जहां देवी देवताओं के कई मंदिर हैं। यहां असख्य मंदिरों की संख्या के बीच कुछ मंदिर ऐसे भी हैं, जो अपनी खासियतों के चलते पहचाने जाते हैं। भारत के उत्तरी किनारे से लेकर दक्षिणी किनारे तक कई सारे शिव मंदिर भी बसे हुए हैं। इन मंदिरों में भक्त अपनी मुराद लेकर पहुंचते हैं और इनसे तरह की मान्यताएं भी जुड़ी हुई है।

महाराष्ट्र के औरंगाबाद में बसे हुए ऐतिहासिक और पौराणिक स्थान कैलाश मंदिर के बारे में बताते हैं। भगवान शिव को समर्पित की गई यह जगह बहुत ही अनोखी है। यह मंदिर एलोरा की गुफाओं में बसा हुआ है जिसे देखकर कोई भी हैरान हो सकता है। इसको संरचना से प्रभावित होकर दूर-दूर से लोग यहां पहुंचते हैं।

## हैरान कर देती है अनोखी संरचना



### 7000 लोगों ने शिला को काटकर बनाया मंदिर

इस मंदिर के इतिहास की बात करें तो इसका निर्माण 757 से 783 ई के बीच करवाया गया था। 40000 टन के एक पत्थर को काटकर इस पूरे मंदिर का निर्माण किया गया है। इतिहासकारों की माने तो मंदिर बनाने में 7000 से ज्यादा लोगों ने सहयोग किया था। यहां भगवान शिव का सुंदर शिवलिंग भी विराजित है। ऐसा कहा जाता है कि यह मंदिर बिल्कुल हिमालय के कैलाश मंदिर की तरह नजर आता है।

### मंदिर से जुड़े हैं कई रहस्य व किवदंतियां

इस मंदिर से कई तरह के रोचक तथ्य भी जुड़े हुए हैं। बताया जाता है कि सिर्फ एक सप्ताह के अंदर इसका निर्माण कर दिया गया था। यह भी बताया जाता है कि खुदाई के दौरान यह सामने आया था। इस मंदिर से एक पुरानी कहानी भी जुड़ी हुई है। जिसमें बताया जाता है कि राजा नरेश कृष्ण प्रथम बहुत बीमार चल रहे थे। उनकी पत्नी ने ये प्रण लिया था कि अगर उनके पति ठीक हो जाएंगे तो वह भगवान शिव का विशाल मंदिर बनवाएंगी। उसी के बाद इसका निर्माण करवाया गया। हालांकि, इस कहानी के सत्य होने की जानकारी कहीं नहीं मिलती।

# शेयर इंवेस्टमेंट कर मुनाफा कमाने का झांसा, गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

शहर में आफिस खोलकर शेयर मार्केट में इंवेस्टमेंट कर मुनाफा कमाने का झांसा देकर 35 से 40 करोड़ रुपए की ठगी करने वाले फर्जी कंपनी के प्रोप्राइटर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

**ठगी की राशि पहुंची 40 करोड़**

एसपी रजनेश सिंह ने बताया, लंबे समय से तालापारा किम्स हास्पिटल के पास सांई कृष्णा इंवेस्टमेंट का आफिस चल रहा था। उसका प्रोप्राइटर विनायक कृष्णा रात्रे है। कंपनी के द्वार लोगों को झांसा दिया गया कि कंपनी के माध्यम से शेयर मार्केट में पैसा लगाने पर मोटी रकम मिलेगी। बिलासपुर, रायपुर के अलावा आसपास के लोगों ने कंपनी में मोटी रकम इंवेस्ट कर दिया। पहले तो कंपनी के द्वारा लोगों को मुनाफा की राशि दी गई। उसके बाद पैसा देने के लिए गुमराह करते हुए वे घुमाने लगे। पीड़ित लोगों ने कंपनी के खिलाफ उच्च अधिकारियों से लिखित शिकायत की। सिविल लाइन सीएसपी उमेश प्रसाद गुप्ता ने कंपनी में जाकर दस्तावेजों की जांच की। जांच में फर्जीवाड़ा उजागर होने पर प्रोप्राइटर विनायक कृष्णा रात्रे को रायपुर निवासी शिक्षक नरेन्द्र दुबे की रिपोर्ट पर गिरफ्तार कर लिया गया है।

### पैसे लेने का तरीका

प्रोप्राइटर ने लोगों से कि वह मिलने वाले रुपए को शेयर मार्केट में लगाकर 5 से 10 प्रतिशत के हिसाब से प्रतिमाह फिक्स रिटर्न करेगा। उसके झांसे में आकर बहुत से लोगों ने उसे मोटी रकम दे दी। शुरुआत में वह नियमित तौर पर सभी को रुपया वापस कर रिटर्न देता था, साथ ही हर रोज एक फर्जी हैंडल से मैनेज करता था, जिसमें नाम व डेली का रिटर्न रहता था।

### फर्जीवाड़े के पैसे से कर रहा था ऐश

लोगों के द्वारा जमा की गई रकम से आरोपी आलीशान जिंदगी जी रहा था। लोगों को वह थाईलैंड, गोवा ट्रैवल पर जाने का आफर देता था। उसने लगभग मई 2023 से अब तक लगभग 35 से 40 करोड़ रुपए का गबन किया है। बताया जाता है जनवरी 2021 से वह कार्यालय चल रहा है।उसकी फर्जी कंपनी में रुपया लगाने वालों में पटवारी, शिक्षक, सरकारी कर्मचारियों से लेकर उद्योगपति तक शामिल हैं। मामले का खुलासा होने के बाद पुलिस के पास शिकायत करने वालों की लाइन लगने लगी है।

# 208 किग्रा विस्फोटक पदार्थ और कोडेक्स वायर जब्त, दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणपुर


ताबीज और रुद्राक्ष माला बेचने की आड़ में नक्सलियों को विस्फोटक सामग्रियां भेजने वाले दो लोगों को गिफ्तार किया गया है। इनके पास से भारी मात्रा में विस्फोटक और कोडेक्स वायर बरामद किए गए हैं। ग्राम तारागांव में ईमली पेड़ के नीचे एक पुरुष व महिला डेरा लगाकर ताबीज माला, रुद्राक्ष बेच रहे है। जिनकी गतिविधियां संदिग्ध लगने पर निरीक्षक जनक साहू थाना प्रभारी धौड़ाई, स्टाफ एवं डीआरजी बल के साथ मौके पर पहुंचकर तस्दीक की। उनके पास से 6 बोरी में 30-30 किलो एवं 1 बोरी में 28 किग्रा 300 ग्राम वजनी पोटेशियम नाइट्रेट विस्फोटक पदार्थ, कोडेक्स वायर एवं विस्फोटक फ्यूज बरामद किया गया। जब्त सामाग्री के संबंध में रवि मरकाम एवं चमेली बाई ने किसी प्रकार का कोई वैद्य दस्तावेज मौके पर पेश नहीं किया गया। उक्त घटना पर थाना धौड़ाई में चमेली बाई, रवि मरकाम के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध किया है।

### अबूझमाड़ क्षेत्र में करते थे सप्लाई

पुलिस द्वारा पूछताछ करने पर उन्होंने अपना नाम रवि मरकाम पिता स्व. सिरहित मरकाम (45), निवासी विखण्डनगंज तह. व थाना उमरिया मप्र, चमेली बाई पति रवि मरकाम (35), निवासी पन्ना छतरपुर मप्र का होना बताया। उन्होंने बताया कि घूम-घूमकर अलग-अलग जिलों के अन्दरूनी क्षेत्रों में ताबीज, जड़ीबूटी, माला बेचने का काम करते हैं।









# धरती में हजारों साल से पहाड़ी पर जल रही आग



**नई दिल्ली।** पृथ्वी में आज भी ऐसी कई जगहें मौजूद हैं जो अपने रहस्यमयी चीजों को लेकर काफी ज्यादा चर्चित रहती हैं। जिनके बारे में सुनकर या उन्हें देखकर लोग हैरत में पड़ जाते हैं। ऐसी ही एक रहस्यमयी जगह के बारे में आज हम आपको बताने जा रहे हैं, जहां पिछले चार हजार साल से लगातार आग जल रही है। यह आग ऐसी है कि इतनी सदियां बीत जाने के बाद भी न तो आंधी तूफान और न ही बारिश व बर्फबारी इस आग को बुझा पा रही है। एक पहाड़ी पर जल रही इस आग को स्थानीय भाषा में यानर डाग कहा जाता है। हिंदी में जिसका मतलब जलती हुई पहाड़ी होता है।

**इस देश में मौजूद है यह अनोखी जगह :** यह अनोखी जगह एशियाई देश अजरबैजान अबशेरोन प्रायद्वीप की पहाड़ी पर स्थित है। इस आग को देखने के लिए दुनिया भर से हर साल लाखों लोग आते हैं। हजारों साल से यहां आग जलते रहने का कारण जमीन की सतह से गैस का लीक होना है। दरअसल, अजरबैजान में प्रचुर मात्रा में प्राकृतिक गैस के भंडार हैं। यह बर्षों पुरानी आग उसका ही एक दुष्प्रभाव है। होता यह है कि कभी कभी गैस लीक होने के चलते उसमें आग लग जाती है और इस देश में ऐसा कई जगह होता है।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com